हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक )




कृति सेनन ने रूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ मनाया दीवाली...



www.naisochlive.com | पटना, बुधवार, 06 नवंबर 2024, वर्ष- 07, अंक- 254, पृष्ठ-8, मूल्य - 3:00 | naisochexpreess@gmail.com

## सूचना




# सुप्रीम कोर्ट का फैसला, हर निजी संपत्ति नहीं ले सकती सरकार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

क्या सरकार को निजी संपत्ति का अधिग्रहण कर उसका दोबारा वितरण करने का अधिकार है। इस सवाल पर सुप्रीम कोर्ट के 9 जजों की बेंच ने 8: 1 के बहुमत से कहा कि हर निजी संपत्ति को सामुदायिक संपत्ति कह कर अधिग्रहण नहीं कर सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि संपत्ति की स्थिति, सार्वजनिक हित में उसकी जरूरत और उसकी कमी जैसे सवालों पर विचार जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस कृष्ण अय्यर के पिछले फैसले को बहुमत से खारिज कर दिया, जिसमें सभी निजी स्वामित्व वाले संसाधनों को राज्य द्वारा अधिग्रहित किया जा सकता है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि सभी निजी स्वामित्व वाले संसाधनों को राज्य द्वारा अधिग्रहित नहीं किया जा सकता है। भले ही राज्य उन संसाधनों पर दावा कर सकता है जो सामग्री हैं और समुदाय द्वारा सार्वजनिक भलाई के लिए हैं। चीफ जस्टिस ने फैसला पढ़ते हुए कहा कि पुराना फैसला विशेष आर्थिक



और समाजवादी विचारधारा से प्रेरित था। सभी निजी स्वामित्व वाले संसाधनों को राज्य द्वारा अधिग्रहित किया जा सकता है। चीफ जस्टिस ने कहा कि हम मानते हैं कि अनुच्छेद 31सी को केशवानंद भारती मामले में जिस हद तक बरकरार रखा गया था, वह बरकरार है और हम सभी इस पर एकमत हैं। अनुच्छेद 31सी लागू रहेगा। चीफ जस्टिस ने कहा कि प्रॉपर्टी के निरस्तीकरण को प्रभावी बनाना और अधिनियमन नहीं करना विधायी इरादे से मेल नहीं खाता और ऐसा करना मूल प्रावधान को छोटा कर देगा। कोर्ट ने कहा कि 42वें संशोधन की धारा चार का उद्देश्य अनुच्छेद 39बी को निरस्त करना और उसी समय प्रतिस्थापित करना था। सभी निजी सम्पति समुदाय के भौतिक संसाधन नहीं हो सकते। हालांकि कुछ सम्पति भौतिक ससाधन हो सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि 1960 और 70 के दशक में समाजवादी अर्थव्यवस्था की ओर झुकाव था लेकिन 1990 के दशक से बाजार उन्मुख अर्थव्यवस्था की ओर ध्यान केंद्रित किया गया। भारत की अर्थव्यवस्था की दिशा किसी विशेष प्रकार की अर्थव्यवस्था से दूर है बल्कि इसका उद्देश्य विकासशील देश की उभरती चुनौतियों का सामना करना है। पिछले 30 सालों में गतिशील आर्थिक नीति अपनाने से भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है। चीफ जस्टिस ने कहा कि वह जस्टिस अय्यर के इस विचार से सहमत नहीं है कि निजी व्यक्तियों की संपत्ति सहित हर संपत्ति को सामुदायिक संसाधन कहा जा सकता है। नौ सदस्यीय संविधान बेंच में चीफ जस्टिस के अलावा जस्टिस हृषिकेश राय, जस्टिस बीवी नागरत्ना, जस्टिस सुधांशु धूलिया, जस्टिस जेबी पारदीवाला, जस्टिस मनोज मिश्रा ,जस्टिस राजेश बिंदल, जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह थे। नौ जजों की बेंच में आठ जजों ने उपरोक्त फैसला सुनाया है जबकि जस्टिस बीवी नागरत्ना ने इन जजों से विपरीत फैसला सुनाया।

## कैंची धाम में सुरेश रैना ने लगाई हाजिरी, किए बाबा के दर्शन







**एजेंसी, नैनीताल**

सुप्रसिद्ध भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी सुरेश रैना ने मंगलवार को जिले के पवित्र कैंची धाम पहुंचकर बाबा नींब करौरी महाराज की प्रतिमा के दर्शन किए। उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना कर हनुमान चालीसा का पाठ किया और बाबा की शिला पर फूल-माला चढ़ाईं। इस मौके पर क्रिकेटर सुरेश रैना ने मंदिर समिति के पदाधिकारियों से मंदिर के क्रियाकलापों और दिनचर्या की जानकारी ली। रैना ने कहा कि बाबा के दर्शन से मन को शांति मिली और यहां आकर बहुत अच्छा महसूस हुआ। बाबा की महिमा से ही हर दिन हजारों भक्त यहां आकर लाभान्वित होते हैं। इस दौरान धाम के प्रबंधक प्रदीप साह और कैंची के ग्राम प्रधान पंकज निगलटिया ने रैना का स्वागत किया। बाबा नींब करौरी महाराज का पवित्र धाम कैंची धाम देश-विदेश के भक्तों के साथ ही देश के वीआईपी-वीवीआईपी के लिए आस्था के साथ का प्रमुख केंद्र बन गया है। बीते वर्ष क्रिकेटर विराट कोहली व उनकी धर्मपत्नी अनुष्का शर्मा के आने के बाद यहां इस वर्ष कई प्रमुख नेता, अभिनेता और क्रिकेट जगत के सितारे बाबा के दर्शन कर चुके हैं। इनमें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह, अभिनेता-राजनेता रवि किशन, उत्तर प्रदेश के मंत्री दारा सिंह, अभिनेता चंकी पांडे, राजपाल यादव, अभिनेत्री भारती सिंह, बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन, क्रिकेट खिलाड़ी मोहम्मद शमी, ऋषभ पंत, आरपी सिंह, रिंकू सिंह, सुरेश शर्मा व पृथ्वी शॉ के बाद अब सुरेश रैना का नाम भी जुड़ गया है।

## अवैध खनन मामले में सीबीआई ने झारखंड के तीन स्थानों पर की छापेमारी




**साहिबगंज/रांची** । केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अवैध खनन मामले में झारखंड के तीन जिलों साहिबगंज, पाकुड़, राजमहल में छापेमारी की है। सीबीआई ने जिन लोगों के यहां रेड मारी है, वे सभी पंकज मिश्रा के करीबी बताए जा रहे हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि साहिबगंज में सीबीआई ने सात ठिकानों पर छापेमारी की। सीबीआई की यह कार्रवाई राजमहल उधवा के बड़े कारोबारी महताब आलम, मिर्जाचौकी के रंजन वर्मा, संजय जायसवाल, बरहरवा के सुब्रतो पाल, पत्थर व्यवसायी टिंकल भगत, अवध किशोर सिंह उर्फ पतरु सिंह और बरहरवा के भगवान भगत के यहां हुई। उल्लेखनीय है कि सीबीआई ने अवैध खनन मामले में झारखंड, पश्चिम बंगाल और बिहार के 17 ठिकानों पर छापेमारी की है। टीम झारखंड के साहिबगंज, पाकुड़, राजमहल, कोलकाता और पटना में छापेमारी की है।

# शरद पवार ने संसदीय राजनीति से संन्यास लेने का संकेत दिया

**एजेंसी, मुंबई**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने मंगलवार को संसदीय राजनीति से संन्यास लेने का इरादा व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि उनके राज्यसभा के कार्यकाल का डेढ़ साल बचा है, इसलिए अब मुझे दोबारा राज्यसभा में जाने के लिए सोचना होगा। पार्टी के भीतर नया नेतृत्व तैयार करना जरूरी है, इसलिए उन्होंने यह पहल खुद से करने का निर्णय लिया है। बारामती विधानसभा में महाविकास आघाड़ी के उम्मीदवार युगेंद्र पवार की चुनावी सभा को संबोधित करते हुए शरद पवार ने कहा कि उन्होंने 1967 से संसदीय राजनीति शुरू की और इसी क्षेत्र से विधायक बने थे। मैं तीस साल बाद अजीत पवार को इस क्षेत्र की



जिम्मेदारी सौंपकर केंद्रीय राजनीति में चला गया था। शरद पवार ने कहा कि विधानसभा और लोकसभा दोनों जगह कुल मिलाकर मैंने 14 बार चुनाव लड़ा और आप लोगों ने मुझे घर नहीं बिठाया। मैंने चुनाव न लड़ने का निर्णय पहले ही ले लिया था। राज्यसभा का कार्यकाल डेढ़ साल का बचा है, इसलिए मुझे दोबारा राज्यसभा में जाने के लिए सोचना होगा।

# औरंगजेब ने देश को लूटा और आलमगीर ने झारखंड को लूट लिया : योगी आदित्यनाथ

**एजेंसी, कोडरमा**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कोडरमा जिले के डोमचांच में चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। योगी ने मुगल शासक औरंगजेब का जिक्र करते हुए जेल में बंद कांग्रेस नेता आलमगीर आलम पर हमला किया। उन्होंने कहा कि एक औरंगजेब था, जिसने देश को लूटा, एक आलमगीर है, जिसने झारखंड को लूट लिया। उनके घर से नोटों की गड्डी मिली थी। योगी ने कहा कि भाजपा देश की सुरक्षा की गारंटी है। देश के स्वाभिमान की



गारंटी है। युवाओं के रोजगार की गारंटी है। महिलाओं के लिए सम्मान और स्वालंबन की गारंटी है। विरासत और विकास के समंवय की गारंटी भी है। जब कांग्रेस के लोग सत्ता में थे तब अयोध्या में दुर्व्यवस्थाएं थीं। राम मंदिर का निर्माण ना हो इसके लिए उनके द्वारा रोड़े अटकाए जाते थे। अयोध्या में अब 500 वर्षों के बाद भव्य दीपोत्सव मनाया गया। हर भारतवासी के लिए इससे ज्यादा सम्मान और क्या हो सकता है। उन्होंने झारखंड के लोगों ने चुनाव के बाद अयोध्या जाने की गुजारिश की। योगी ने कहा कि 2017 के बाद यूपी में बुलडोजर चलवाना शुरू किया, उसके बाद से कुछ जेल में हैं और कुछ का राम नाम सत्य हो गया। यूपी से माफिया का सफाया हो गया है। यूपी से सब माफिया गायब हो गए हैं। उन्होंने कहा कि जैसे गधे के सिर से सींग गायब हो जाता है वैसे ही अब यूपी में माफिया गायब हो गए हैं। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पार्टी झामुमो पर निशाना साधते हुए योगी ने कहा कि जेएमएम वाले सरकारी नौकरी नहीं दे पा रहे है।

## संयुक्त राज्य अमेरिका में आ गई फैसले की घड़ी, हैरिस और ट्रंप का इम्तिहान




**एजेंसी, वाशिंगटन/नई दिल्ली**। संयुक्त राज्य अमेरिका में अगले चार साल की दिशा तय करने की बहुप्रतीक्षित घड़ी आ गई। यहां मंगलवार सुबह अगले राष्ट्रपति के निर्वाचन के लिए मतदान शुरू होगा। संभावना है देररात यह भी तय हो जाए कि उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ड्रंप में से कौन व्हाइट हाउस पहुंचेगा। अब देखना यह बाकी है कि अमेरिकी मतदाता अपना अगला पथ प्रदर्शक किसे चुनते हैं। कुल आठ उम्मीदवारों में मुख्य मुकाबला भारतीय मूल की डेमोक्रेटिक पार्टी की कमला हैरिस और रिपब्लिकन पार्टी के डोनाल्ड ट्रंप के बीच है। चुनाव की पूर्व संध्या पर डोनाल्ड ट्रंप ने आगाह किया कि हैरिस जीतीं तो तीसरे विश्वयुद्ध का खतरा है। प्रचार के अंतिम क्षणों में हैरिस ने अश्वेत और अरब मूल के मतदाताओं का दिल जीतने की कोशिश की। संयुक्त राज्य अमेरिका में हुए ओपिनियन पोल के अनुसार, 60 वर्षीय कमला और 78 वर्षीय ट्रंप के बीच कांटे की टक्कर है। मतदान की निर्धारित तिथि से पहले 7.7 करोड़ वोटर वैकल्पिक तरीकों से मतदान कर चुके हैं।

## संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से 20 दिसंबर तक

**एजेंसी, नई दिल्ली**। संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से शुरू होकर 20 दिसंबर तक चलेगा। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी साझा करते हुए कहा कि राष्ट्रपति ने केन्द्र सरकार की सिफारिश पर 25 नवंबर से 20 दिसंबर तक शीतकालीन सत्र, 2024 के लिए संसद के दोनों सदनों को बुलाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। संसदीय कार्य की अत्यावश्यकताओं को देखते हुए सत्र की अवधि कम ज्यादा हो सकती है। 26 नवंबर (संविधान दिवस) पर संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ पर संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# मुस्लिम बहनें भी बिना डर के घूमें, अगर कोई भी गुंडागर्दी करे तो ठोक दोः गडकरी

**एजेंसी, नागपुर**

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मुस्लिम महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम महिलाओं को भी बिना किसी डर के बाहर निकलना चाहिए और यदि कोई गुंडागर्दी करता है तो उसे सख्ती से निपटने की जरूरत है। गडकरी ने यह टिप्पणी नागपुर के ताज बाग में गुंडागर्दी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान की। गडकरी ने कहा कि हमने नागपुर में इतनी मजबूत सड़कें बनाई हैं कि अब एक भी गड्ढा नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि मैंने ठेकेदारों को चेतावनी दी है कि अगर सड़क पर गड्ढे मिले तो उन्हें



गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। गडकरी का यह बयान ऐसे समय आया है जब वह कांग्रेस पर हमलावर थे और उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 60 सालों में जनता के लिए कुछ नहीं किया और हमेशा जातिवाद की राजनीति की है। गडकरी ने यह भी कहा कि उनकी सरकार ने मुसलमानों की चिकित्सा जरूरतों का ध्यान रखा है और उन्होंने यह नहीं पूछा कि किसी की जाति क्या है। हमने ताज बाग का सौंदर्यीकरण किया है और गुंडागर्दी को खत्म करने के लिए डिप्टी कमिश्नर से बात की है। उन्होंने आगे कहा कि मुस्लिम बहनें रात को ताज बाग के रास्ते पर सुरक्षा के साथ घूम सकती हैं। यदि कोई गुंडा उन्हें परेशान करे तो उसे ठोक दो और अगर कोई कुछ कहे तो मेरा नाम बताओ, मैं चिंता नहीं करूंगा। मेरी मां-बहनों की इज्जत सुरक्षित रहनी चाहिए। गडकरी के इस बयान ने महिलाओं की सुरक्षा और राजनीतिक विमर्श में एक नई चर्चा छेड़ दी है, जिसमें वह एक मजबूत संदेश देते हुए नजर आ रहे हैं कि हर किसी को अपनी सुरक्षा के लिए खड़ा होना चाहिए।

## आप सत्ता परिवर्तन कीजिये, हम व्यवस्था परिवर्तन करेंगे : राजनाथ सिंह

**एजेंसी, रांची**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने झामुमो, कांग्रेस और राजद को निशाने पर लिया। उन्होंने मंगलवार को रांची के रातू में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा शक्तिशाली रॉकेट है, जो झारखंड को नई ऊंचाईयों पर ले जाएगा। झारखंड से हमारा आत्मीयता का रिश्ता रहा है। उन्होंने कहा कि दो बार भाजपा को मौका दीजिये। आप सत्ता परिवर्तन कीजिये। हम व्यवस्था परिवर्तन कीजिये। राजनाथ ने कहा कि 62,000 आदिवासी गांव के लिए हमने अलग योजना बनाई है। हर तरह से चिंता आदिवासियों की चिंता की जा रही है। उन्होंने कहा कि नवीन जायसवाल तीन बार विधायक रह चुके हैं। इस बार भी जीतेंगे तो सिर्फ विधायक नहीं रहेंगे कुछ और रहेंगे। इसलिए इनकी मदद कीजिये। इनको फिर से विधानसभा में पहुंचाइये। राजनाथ ने कहा कि जब भी झामुमो के हाथों पर राज्य गया तब बर्बादी ही हुई। जेएमएम का मतलब जमकर मलाई मारो है। झारखंड के विकास में तीन ब्रेकर झामुमो, कांग्रेस और राजद हैं। बिरसा जयंती पूरे देश में मनाई जा रही है। कुल 62 हजार आदिवासी गांव के लिए अलग से योजना बनाई गई है। सभी तरह से आदिवासियों की चिंता की जा रही है। उन्होंने कहा कि आपने राज्य बनने के बाद से अब तक 13 मुख्यमंत्री बनाये। हमारे एक भी मुख्यमंत्री केस नहीं हुआ। जेल नहीं गये लेकिन यहां के दो-दो मुख्यमंत्री जेल गये। ये दोनों भाजपा के नहीं थे। राजनाथ ने कहा कि भाजपा तेजी से विकास करती है।



# विधानसभा में आर्टिकल 370 हटाए जाने का विरोध

### पीडीपी विधायक ने की जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा बहाल करने की मांग

**एजेंसी, नई दिल्ली**

जम्मू-कश्मीर विधानसभा में सोमवार को भारी हंगामा हुआ। विधानसभा शुरू होते ही पीडीपी विधायक वहीद पारा ने एक प्रस्ताव पेश किया, जिसमें अनुच्छेद 370 हटाए जाने का विरोध किया गया। साथ ही जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा फिर से बहाल करने की मांग की गई। विधानसभा में पेश इस प्रस्ताव के विरोध में भाजपा के विधायकों ने हंगामा किया।पीडीपी विधायक वहीद पारा का कहना था कि जम्मू-कश्मीर को फिर से विशेष दर्जा मिलना चाहिए और आर्टिकल 370 की बहाली होनी चाहिए। फिलहाल जम्मू-कश्मीर एक केंद्र शासित प्रदेश



है, जहां दिल्ली की तरह ही विधानसभा है। पुलवामा विधायक के इस प्रस्ताव के खिलाफ भाजपा के सभी 28 विधायक सीटों पर खड़े हो गए और तीखा विरोध किया। भाजपा विधायक शाम लाल शर्मा ने तो वहीद पारा को निलंबित करने की मांग की, और कहा कि वहीद ने इस तरह का प्रस्ताव लाकर सदन के नियमों का उल्लंघन किया है। इस दौरान स्पीकर अब्दुल रहीम राथर बार-बार अपील करते रहे कि सभी विधायक अपनी सीटों पर बैठ जाएं, लेकिन किसी ने उनकी एक नहीं सुनी। स्पीकर ने कहा कि अभी यह प्रस्ताव मेरे पास नहीं आया है। इसे पढ़ने के बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा। भाजपा के विधायक लगातार हंगामा करते रहे तो नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायक भी वेल में आ गए। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग कार्यवाही में बाधा डाल रहे हैं। बता दें कि केंद्र सरकार ने आर्टिकल 370 को हटाने का फैसले 5 अगस्त 2019 में किया था। इसी दिन संसद में राज्य के पुनर्गठन का प्रस्ताव भी आया था और जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा मिला था। वहीं लद्दाख को अलग कर दिया गया था। इस बीच नेशनल कॉन्फ्रेंस के वरिष्ठ नेता और सात बार के विधायक अब्दुल रहीम राथर जम्मू-कश्मीर विधानसभा के अध्यक्ष चुने गए हैं। विपक्षी दलों द्वारा इस पद के लिए चुनाव न लड़ने का फैसला किए जाने के बाद राथर (80) को ध्वनि मत से अध्यक्ष चुना गया। प्रोटेम स्पीकर मुबारक गुल ने चुनाव का संचालन किया। कृषि मंत्री जावेद अहमद डार ने पांच दिवसीय सत्र के पहले दिन राथर को अध्यक्ष पद के लिए नामित करने का प्रस्ताव पेश किया और नेकां के विधायक रामबन अर्जुन सिंह राजू ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया।

संक्षिप्त समाचार

## कहा- मंदिर खंडित होने के वक्त जुबान बंद हो जाती है

### महापर्व में हिन्दू दुकानदारों से ही लें सामान

### केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का तेजस्वी पर तंज



**पटना।** तेजस्वी यादव पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने हमला बोला है। भागलपुर की वायरल फोटो ट्वीट करने पर कहा कि न जाने कहां से खोज कर लाए हैं यह फ्रैक्चर फोटो। उनकी जुबान उस वक्त बंद हो जाती है जब, भागलपुर के सोनौला में मंदिर खंडित किया जाता है और दुर्गा पूजा में प्रतिमा विसर्जन यात्रा पर पथराव होता है।

**थूक जिहाद वालों से सामान न लें : गिरिराज सिंहः** गिरिराज सिंह ने छठ को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि छठ महापर्व के दौरान हिन्दू दुकानदारों से ही सामान लें। थूक जिहाद वालों से सामान न लें। गिरिराज सिंह ने बड़ा बयान देते हुए कहां है की छठ पूजा में तमाम सामग्री हिंदू दुकानदारों से ही खरीदें छठ पूजा में थूक जेहादियों से कोई सामान ना खरीदें। गिरिराज सिंह ने साफ तौर पर बयान देते हुए छठ पूजा में हिंदुओं से सामान खरीदने के बयान देकर नई बहस छेड़ दी है जिस पर विपक्ष तिलमिला उठा है।

## पटना में डेंगू के 47 नए मामले, सबसे ज्यादा बांकीपुर में 18 केस, अब तक 15 लोगों की मौत



**पटना।** बिहार में डेंगू का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। पिछले 24 घंटे में पटना में 47 और राज्य में 67 मरीज मिले हैं। इस सीजन में डेंगू से अब तक 15 लोगों की मौत हो चुकी है। ये एडीज मच्छर के काटने से होता है। पटना जिले में पिछले 24 घंटे में जो डेंगू मरीज मिले हैं, उनमें कंकड़बाग में 5, बांकीपुर में 18, अजीमाबाद में 7, पटना सिटी में 2, पाटलिपुत्र में 2 है। आठ मरीजों की पहचान नहीं हुई है। इसके अलावा बख्तियारपुर में 2, फतुहा, खुसरूपुर और मनेर में एक-एक मरीज मिला है। चिकनगुनिया से भी लोग पीड़ित हो रहे हैं। पूरे बिहार में अब तक 7708 और पटना में 3829 केस सामने आए हैं। डॉक्टरों ने तेज बुखार, सिर, शरीर और आंखों के पीछे दर्द होने, शरीर में दाने निकलने, उल्टी होने पर जांच कराने की सलाह दी है। सरकारी अस्पतालों में जांच और इलाज की व्यवस्था निशुल्क है।

## हटाए गए पटना AIIMS के डॉयरेक्टर



**पटना।** पटना AIIMS के निदेशक डॉ. गोपाल कृष्ण पाल को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। उनकी जगह देवघर AIIMS के कार्यकारी निदेशक डॉ. सौरभ वार्ष्णेय 3 महीने के लिए पटना AIIMS का पदभार संभालेंगे। भारत सरकार के परिवार एवं कल्याण मंत्रालय द्वारा निर्देश जारी किया गया है।

**जांच कमेटी ने दोषी पाया थाः** पटना AIIMS के निदेशक डॉ. गोपाल कृष्ण पाल पर पद पर रहते हुए अपने बेटे-बेटी को AIIMS में लाभ के पद पर बहाल करने का आरोप लगा था। दरअसल, डॉ. गोपाल कृष्ण पाल पर आरोप है कि AIIMS गोरखपुर के अतिरिक्त प्रभार में रहते हुए उन्होंने अपने बेटे डॉ. ओरो प्रकाश पाल का नामांकन PG में कर दिया था। इसके लिए उन्होंने अपने बेटे का प्रमाण पत्र नॉन क्रीमी लेयर के तहत बनाया था। 4 सितंबर 2024 को मामले की शिकायत मिलने के बाद भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा इसके जांच के निर्देश दिए थे। जांच कमेटी ने डॉक्टर पाल को अपने पद और अधिकारों के गलत इस्तेमाल का दोषी पाया था। 10 अक्टूबर को मंत्रालय को रिपोर्ट सौंप दी गई थी। इसके बाद विभाग के द्वारा कार्रवाई की गई है।

## अंतरराज्यीय सोना लुटेरा वैशाली से गिरफ्तार

**पटना।** एसटीएफ ने बिहार समेत कई राज्यों में सोना लूटने वाले अंतरराज्यीय सोना लुटेरा बिनोद कुमार उर्फ बिनोद राय को गिरफ्तार कर लिया। वह वैशाली जिले के बिदुपुर थाना के कैलाचक गांव का रहने वाला है। बिनोद अंतरराज्यीय सोना लुटेरा सुबोध सिंह गैंग से जुड़ा है। सुबोध भी वैशाली जिला का रहने वाला है। सुबोध फिलहाल बंगाल के बैरकपुर जेल में बंद है। एसटीएफ उसके पीछे करीब तीन माह से लगी हुई थी। वह कभी मुंबई में रहता तो कभी नोएडा तो कभी गुजरात में। छठ मनाने के लिए बिनोद ट्रेन से गांव आ रहा था। इसकी भनक एसटीएफ को लग गई। पुलिस के पास उसका फोटो भी था। जैसे ही वह ट्रेन से उतरा, सादी वर्दी में तैनात एसटीएफ के जवानों ने उसे गिरफ्तार कर लिया। बंगाल में भाजपा नेता की हत्या और 10 करोड़ सोना लूट में वांटेड सूत्रों के अनुसार, 2020 में बंगाल के टीटागढ़ में चर्चित बीजेपी नेता मनीष शुक्ला की हत्या हुई थी। इस हत्याकांड में बिनोद का नाम आया था। घटना के बाद वह फरार चल रहा था। यही नहीं 2016 में बैरकपुर में मन्नापुरम फाइनेंस में 9 करोड़ 88 लाख के सोने के गहने की लूट हुई थी। इसमें सुबोध सिंह भी शामिल था। जुलाई 2021 में हरियाणा के फरीदाबाद स्थित एक्सिस बैंक से बिनोद ने अपने गिरोह के साथ 95 लाख का सोना लूट लिया था। बिनोद पर बिहार के विभिन्न जिलों के अलावा बंगाल, हरियाणा में हत्या, डकैती एवं आर्म्स एक्ट समेत कई संगीन केस दर्ज हैं।

# खादी मॉल, पटना के सफलतापूर्वक 5 साल हुए पूरे, 2019 में सीएम नीतीश कुमार बने थे पहले ग्राहक

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।** खादी मॉल, पटना ने आज अपने संचालन के 5 वर्षों का सफर सफलतापूर्वक पूरा किया है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी निखिल धनराज निप्पणीकर ने मॉल की पूरी टीम को बधाई दी और खादी मॉल की सफलता एवं विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए उनकी निरंतर प्रतिबद्धता, मेहनत और टीमवर्क की सराहना की। उन्होंने कहा कि खादी मॉल, पटना ने इन 5 वर्षों में न केवल एक मॉल के रूप में उत्पादों की बिक्री की है, बल्कि बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों के कतिन, बुनकरों और कलाकारों को मॉल से जोड़कर रोजगार के अवसर भी प्रदान किए हैं। इन पांच वर्षों में मॉल के माध्यम से लाखों बिहार निर्मित उत्पादों की बिक्री हुई है, जिसका लाभ बिहार के बुनकरों, कारीगरों, कलाकारों और उद्यमियों को हुआ है। यह मॉल रोजगार और अर्थव्यवस्था के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर मॉल प्रबंधक रमेश चौधरी ने मॉल की पूरी टीम के प्रयासों की सराहना की और भविष्य में भी इसके सुचारू संचालन की कामना की।

**2019 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा किया गया था खादी मॉल का उद्घाटन-**5 नवंबर 2019 को, बिहार की राजधानी पटना में उद्योग विभाग, बिहार सरकार के अंतर्गत बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड का पहला खादी मॉल उद्घाटित हुआ था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस मॉल का उद्घाटन किया था और वह मॉल में पहले ग्राहक भी बने थे। इस संदर्भ में जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी अभय सिंह ने बताया कि उद्घाटन के समय मुख्यमंत्री ने खादी और ग्रामोद्योग से संबंधित विभिन्न उत्पादों को एक छत के नीचे देख कर उनकी खूब सराहना की थी और इसकी व्यापकता पर संतोष व्यक्त किया था। उन्होंने कहा था कि यह मॉल भविष्य में बहुत प्रसिद्ध होगा, क्योंकि इसमें न केवल खादी के कपड़े, बल्कि रोजमर्रा की ज़रूरत की स्वदेशी वस्तुएं भी उपलब्ध हैं। मॉल प्रबंधक रमेश चौधरी ने आगे बताया कि पांच वर्षों में खादी मॉल पटना को दुनियाभर से खूब प्यार मिला है। यहां विभिन्न देशों और भारत के विभिन्न राज्यों से लोग आए हैं। साथ ही बिहार के पद्मश्री कलाकारों और उद्यमियों जैसे शांति देवी, किसान चाची और अन्य ने अपने उत्पादों के माध्यम से मॉल की खूब रौनक बढ़ाई है। मॉल में विशेष रूप से बिहार में उत्पादित खादी सामग्री और ग्रामोद्योग उत्पादों पर गांधी जयंती एवं नव वर्ष पर 30-50 प्रतिशत की छूट दी जाती है। इस पहल से महात्मा गांधी की खादी से जुड़ी धरोहर को बढ़ावा देने का काम किया जाता है। यह मॉल न केवल खादी के उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि बिहार की समृद्ध पारंपरिक वस्त्र और हस्तशिल्प उद्योग को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में एक सकारात्मक पहल है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 नवम्बर को करेंगे दरभंगा एम्स का शिलान्यास

नई सोच एक्सप्रेस



**दरभंगा।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 नवम्बर को बिहार दौड़े पर आ रहे है इस दौरान प्रधानमंत्री मिथिलांचल के दरभंगा में प्रस्तवित एम्स निर्माण का शिलान्यास करेंगे। इसकी पुष्टि करते दरभंगा के नगर विधायक संजय सरावगी ने करते हुए कहा कि यह मिथिला के लिए गौरव की बात होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी आगमन की तैयारी में पूरी भाजपा की टीम लग गई है। उन्होंने कहा कि यह एम्स केवल मिथिलांचल ही नही बल्कि पड़ोसी देश नेपाल सहित उत्तर बिहार के लोगो को भी इसका फायदा मिलेगा। बतादें की एम्स के शीघ्र निर्माण को लेकर केंद्र की सरकार और बिहार की सरकार दोनो काफी ततपरता के साथ काम कर रही है। इसका अंदाज़ा इस बात से लगाया जा सकता है कि पिछले तीन महीने ले अंदर एम्स निर्माण के लिए प्रस्तावित सोभन बाईपास की 187 एकड़ भूमि बिहार की सरकार ने केंद्र सरकार को हस्तांतरित करवा चुकी है। वहीं इस जगह का निरीक्षण खुद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने किया था। उसके तुरंत बाद ही इस जमीन के लिए भूमि का सर्वेक्षण कार्य भी पूरा का लिया गया था। उसके बाद अभी दो सप्ताह पहले ही इसके निर्माण की रूपरेखा तैयार करने के लिए टेंडर भी जारी किया गया था। बतादें की केंद्र की सरकार सोभन बाईपास में एम्स निर्माण के 1260 करोड़ रुपये भी जारी कर चुकी है वही इसके निर्माण के लिए एजेंसी भी तय किया जा चुका है। बिहार के दूसरे एम्स निर्माण का निर्माण दरभंगा के सोभन बाईपास में होना है। इसके निर्माण की प्रक्रिया तेजी से बढ़ती हुई नजर आ रही है। केंद्र सरकार 25 अक्टूबर को इसके लिए ई टेंडर के माध्यम से निविदा भी निकाल दी गई है। जिसमें दरभंगा में बनने वाले एम्स के भवन की रूपरेखा तैयार करने एवं मास्टर प्लान की रूपरेखा तैयार करने के लिए कंसल्टेंट सेवा लेने के लिए टेंडर निकाल दिया गया है।प्रकाशित किए गए टेंडर में दरभंगा एम्स के विभिन्न विभागों की संभावित रूपरेखा भी दर्शाई गई है। बिहार के दूसरे एम्स के भीतर आईसीसीयू, क्रिटिकल केयर आदि विभागों के लिए 175 बेड,सर्जरी, ऑर्थो ,ऑप्थालमॉलॉजी विभाग में 120 बेड जबकि मेडिसिन विभाग में 60 और पीडियाट्रिक में 60 बेड स्त्री एवं प्रसूति विभाग में 75 बेड, डर्मेटोलॉजी में 15 बेडों की व्यवस्था रहेगी।

## नहाय खाय के दिन प्रो रणबीर नंदन के आवास पर सैकड़ों लोगों ने किया प्रसाद ग्रहण

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** लोक आस्था और सूर्योपासना के महापर्व छठ व्रत के पहले दिन पूर्व विधान पार्षद भाजपा नेता डॉ रणवीर नंदन के आवास पर की गणमान्य व्यक्ति ने नहाय खाय का प्रसाद ग्रहण किया। छठ व्रत के मौके पर डॉक्टर नंदन की छोटे भाई रणधीर नंदन की पत्नी मोनिका नंदन छठ व्रत कर रही है। इस मौके पर छठ व्रती मोनिका नंदन ने नहाय खाय का व्रत कर लोगों को आशीर्वाद और प्रसाद ग्रहण कराया। इससे पूर्व छठ व्रती ने पूरी शुद्धता के साथ छठ का प्रसाद बनाकर भगवान को भोग लगाया। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक रामनवमी प्रसाद, क्षेत्र कार्यवाह मोहन सिंह, प्रांत प्रचारक उमेश कुमार एवं प्रचार प्रमुख राजेश पांडेय भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अरविंद सिंह, भाजपा के प्रदेश मीडिया संयोजक अमृतांशु शेखर एवं बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष अखिलेश कुमार जैन सहित कई गणमान्य लोगों ने छठ व्रत के पहले दिन नहाए खाए का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर डॉक्टर नंदन ने कहा छठ व्रत लोक आस्था का प्रतीक है और इस व्रत में समाज के सभी लोग पूरे तन मन धन के साथ जुड़ते हैं और पूरी शुद्धता के साथ छठ के व्रत में भाग लेते हैं और जो भी मनोकामना मांगते हैं उसे छठी मैया पूरी करती हैं।

## भारत दुनिया का सबसे युवा देश - प्रेम कुमार

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से युवा संवाद का आयोजन किया गया । फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश । युवाओं की असीम शक्ति का सदुपयोग कर हम दुनिया के अग्रणी देशों में सुमार हो सकते है ।प्रधानमंत्री ने पहलीबार युवाओं के लिए सार्थक पहल किया है । माई भारत पोर्टल बनाया गया है जिस पर कोई भी युवा/युवती पोर्टल पर जाकर अपना निवन्धन करा सकता है और अपना डिटेल्स पोर्टल पर अपलोड कर सकते है अभी तक डेढ़ करोड़ युवा अपना रजिस्ट्रेशन करा चुके है । आज का युवा इस लिए शिक्षा प्राप्त करना चाहता है ताकि उसे अच्छी नौकरी मिले जिससे कि भोगपरक जीवन जीने का आनंद उठाया जा सके इसी आनंद की तलाश में असफल होने पर अवैध तरीके से धन कमाने की चेष्टा करता है जो उसके जीवन मे जहर घोलता है । तत्कालिक लाभ के लिए किसी के भी उंगली पकड़ के चलने को तैयार है । युवाओ के हाथों में डिग्री है मन मे कुछ कर दिखाने की हसरत है लेकिन भविष्य को लेकर माथे पर गम्भीर लकीर साफ दिखाई दे रहा है । आतंकवाद और नक्सलवाद बेरोजगारी का नतीजा है । युवा अगर बेरोजगार है तो उसे परिवार और समाज के ताने और व्यंग वान है । इसी से हताश और मरता क्या नही करता के तर्ज पर अपराधियों एवं अराजक तत्वों के चंगुल में फंसकर अपना जीवन नष्ट कर रहा है । उन्होंने युवाओ से अपील किया है कि नौकरी का मोह त्याग कर स्वरोजगार की ओर अग्रसर हो वहीँ फाउंडेशन के निदेशक देवानंद ने कहा कि युवाओं को हमेशा नशा से दूर रहना चाहिए तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि समझना चाहिए है । भारत है तो हम है इसलिए भारत को मजबूत बनाने में सभी को संकल्प लेना होगा । प्रेरणा विजय ने कहा कि हर नौजवान जीवन का लक्ष्य निर्धारित करें फाउंडेशन हर स्तर पर सहयोग करने को तैयार है । मौके पर मोनिका झा, प्रियंका कुमारी, सोनम कुमारी, सुदामा कुमार, हिमांशु शर्मा, शिबम कुमार,सुनील कुमार, विकाश कुमार समेत सैंकड़ो स्वयंसेवक मौजूद रहे ।

## राजद में मचनेवाली है भगदड़, मिट जायेगा नामोनिशान : प्रभाकर मिश्र

नई सोच एक्सप्रेस

» विकल्प की तलाश कर रहे राजद के नेता और कार्यकर्ता
» 2025 में होगी राजद की सबसे बड़ी हार

**पटना।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने लालू और तेजस्वी पर प्रहार करते हुए कहा कि 2025 विधानसभा चुनाव के पहले राजद में जबरदस्त भगदड़ मचनेवाली है। यह भगदड़ ऐसी होगी कि राजद का नामोनिशान मिट जाएगा। श्री मिश्र ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि लालू और तेजस्वी के तानाशाही रवैये से राजद में पहले ही कई दरारें आ चुकी हैं, अब सिर्फ टूटकर बिखरना बाकी है, यह बिखराव भी 2025 चुनाव के पहले पूरा हो जाएगा। 2025 विधानसभा चुनाव में राजद की अबतक की सबसे बड़ी हार होनेवाली है। राजद के नेता से लेकर कार्यकर्ता तक इस उधेड़बुन में हैं कि वे कौन-सा मुंह लेकर जनता से वोट मांगने जाएंगे। श्री मिश्र ने कहा कि खबरें आ रहीं हैं कि तेजस्वी यादव के आईटी सेल से राजद के चार लाख से अधिक सक्रिय कार्यकर्ताओं का डाटा गायब हो गया है। असल में राजद के कार्यकर्ता और कई बड़े नेताओं का लालू और तेजस्वी से मोहभंग हो चुका है। ये जानते हैं कि राजद में उनका कोई भविष्य नहीं है, इसलिए वे अपना विकल्प तलाश रहे हैं। जल्द ही राजद को छोड़कर कार्यकर्ता दूसरे दलों का दामन थामेंगे। श्री मिश्र ने कहा कि लालू परिवार का भ्रष्टाचारवादी चेहरा अब पूरी तरह सामने आ चुका है। लोग पूरी तरह समझ चुके हैं कि लालू परिवार का राजनीति में आने का उद्देश्य जनता की सेवा नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार की चाशनी में डूबा मेवा खाना है।

## ओलार्क सूर्य मंदिर पहुंचे लालू-मीसा, पूजा-अर्चना के बाद तैयारियों का लिया जायजा

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना** के पालीगंज अनुमंडल के दुल्हिनबाजार प्रखंड के उलार गांव स्थित ओलार्क सूर्य मंदिर में आज राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पहुंचे। इस दौरान पाटलिपुत्र सांसद मीसा भारती भी मौजूद थी। लालू यादव और मीसा भारती ने मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना किया। इस दौरान मंदिर के महंत अवध बिहारी दास ने लालू यादव और मीसा भारती को अंगवस्त्र पहनकर सम्मानित किया और प्रसाद भी दिया। इसके बाद दोनों ने छठ पूजा की तैयारी को लेकर तालाब और मंदिर परिसर का भी जायजा लिया। हालांकि इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी नहीं पहुंची। वैसे हर बार राबड़ी देवी भी साथ दिखती थी।

**अच्छी चल रही है छठ पर्व की तैयारीः** सांसद मीसा भारती ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह पटना का काफी प्राचीन मंदिर है। आज से लोक आस्था के महापर्व की शुरुआत हो चुकी है, इसलिए उलार गांव के हम ओलार्क सूर्य मंदिर पहुंचे थे। पहले से कोई प्लान नहीं था, लेकिन पिता के साथ मंदिर पहुंची हूं। मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना किया और बिहार वासियों के लिए कामना भी की। इसके अलावा छठ की तैयारी को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ जायजा भी लिया। मीसा भारती ने कहा कि धर्म से जुड़ा मामला है इस पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगी, लेकिन कोई भी सरकार हो छठ पूजा की तैयारी में कुछ ना कुछ कमी हो जाती है। फिलहाल अब तक छठ पूजा की तैयारी काफी अच्छी चल रही है।

**कहा- अच्छी चल रही है महापर्व की तैयारी**

## जब तक सर्वर ठीक नहीं होगा, बिजली नहीं कटेगी

नई सोच एक्सप्रेस



◆ बिहार में स्मार्ट प्रीपेड मीटर का सर्वर 1 सप्ताह से फेल, उपभोक्ताओं को भारी-भरकम बिल आने का डर

**पटना।** बिहार में स्मार्ट प्रीपेड मीटर का सर्वर एक सप्ताह से फेल है। इससे उपभोक्ताओं को बिजली खपत की जानकारी नहीं मिल पा रही है। इससे उन्हें एक मुश्त भारी-भरकम बिल आने का डर सता रहा है। पटना समेत राज्य के जिला मुख्यालयों में 18 लाख से अधिक उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगा है। इनमें से 5 लाख से अधिक उपभोक्ता पेसू क्षेत्र में है। इनको बिजली खपत और बैलेंस की जानकारी नहीं मिल रही है। बीते 28 नवंबर को सर्वर फेल हुआ था। बता दें कि राज्य के शहरी मुख्यालयों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के लिए साउथ बिहार और नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों ने ईईएसएल से करार किया था। अभी ईईएसएल के नेतृत्व में ईडीएफ द्वारा पटना के उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाया जा रहा है। बिजली कंपनी और ईडीएफ के वरीय अधिकारी बयान देने से बच रहे हैं। इसका कारण एक सप्ताह में सर्वर की मेंटेनेंस नहीं होना है। ईईएसएल के स्मार्ट प्रीपेड मीटर ऑपरेशन हेड सह चीफ जेनरल मैनेजर मनोज कुमार मोदी ने कहा कि 'सर्वर में तकनीकी गड़बड़ी आई है। कब तक सर्वर ठीक होगा, इसकी जानकारी उन्होंने नहीं दी। वहीं, बिजली कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक जब तक सर्वर ठीक नहीं होगा, तब तक बिजली नहीं कटेगी।'

**30 नवंबर तक सरकारी भवनों में स्मार्ट मीटर लगाने का टास्कः** ऊर्जा विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने एजेंसियों को 30 नवंबर तक सभी सरकारी भवनों में स्मार्ट मीटर लगाने का टास्क दिया है। साथ ही सभी स्मार्ट मीटरों में पुश बटन लगाने का निर्देश दिया है। वे सोमवार को बिजली कंपनी मुख्यालय में स्मार्ट मीटर इंस्टॉलेशन की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान सचिव ने एनसीसी और हाई प्रिंट नामक दो एजेंसियों को समय से काम पूरा नहीं होने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि सभी एजेंसियों को अपने एग्रीमेंट के अनुसार डीटी मीटर, फीडर मीटर और सभी सरकारी भवनों में स्मार्ट मीटर लगाना होगा। इसमें लापरवाही करने वाली एजेंसियों पर कार्रवाई होगी। बैठक में एसबीपीडीसीएल के एमडी महेंद्र कुमार, एनबीपीडीसीएल के एमडी डॉ. निलेश देवरे आदि मौजूद थे।

संक्षिप्त समाचार

## रेल पुलिस ने तीन मोबाइल चोर को रंगेहाथ किया गिरफ्तार

**कटिहार**। रेल मंडल अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल के इंस्पेक्टर राकेश कुमार के नेतृत्व में सीपीडीएस टीम द्वारा मंगलवार को विशेष ड्राइव के दौरान तीन मोबाइल चोर को यात्री के चोरी के अलग अलग कंपनी के मोबाइल फोन से साथ रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार आरपीएफ द्वारा आयोजित ड्राइव के दौरान पकड़े गए शातिर मोबाइल चोर में मो सुभारती, विकाश सिंह और नवीन कुमार उरांव है जो मनिहारी थाना, कटिहार जिला निवासी बताए जाते है। जिन्हें आरपीएफ द्वारा यात्री के चीरी के मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार कर रेल पुलिस को अग्रिम कार्यवाही के लिए सुपुर्द किया गया। जिस संबंध में रेल थाना में मामला दर्ज करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मौके पर आरपीएफ पोस्ट कमांडर राकेश कुमार के साथ रेल थाना प्रभारी मो अलाउद्दीन, आरपीएफ सीपीडीएस प्रभारी सैयद एहसान अली, आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर आवेदनन्द सिंह, बबलू कुमार, मनोज सिंह सहित आरपीएफ और रेल पुलिस के कई जवान के साथ रेलवे न्यायालय में कर्मठ पेशकर नवीन कुमार, शशि , गोपाल आदि मौजूद थे।

## चार दिवसीय निर्जला उपवास छठ पूजा हुआ आरंभ



**कटिहार**। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर मंगलवार की शाम से चार दिवसीय निर्जला उपवास कर छठ वर्तियों द्वारा कद्दू भात से किया आरंभ हो गया है।इस दौरान छठ व्रतियों द्वारा कद्दू की सब्जी की तैयारी की गई इस दौरान कद्दू भात के साथ ही चार दिवसीय छठ पर्व हुआ आरंभ। मान्यता है कि छठ पर्व में छठी मैया से घाट पर छत द्वारा विभिन्न तरह की मान्यता प्राप्त होती है।मनसाही पूरे देश भर सहित मनसाही परिक्षेत्र में आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर मंगलवार को छठ के प्रथम दिन कद्दू भाग से आरंभ होकर चार दिनों तक चलेंगा। जिसमें की छठ व्रतियों द्वारा मंगलवार को कद्दू भात बुधवार को खरना एवं गुरुवार को डूबते सूर्य की पहली अर्ध्य एवं शुक्रवार को उगते सूर्य की अर्ध्य देने के साथ ही चार दिवसीय अस्था की महापर्व छठ समापन हो जाएगी। इसी क्रम में छठ पूजा को लेकर मनिहारी गंगा स्नान करके आपस लौटने वाले छठ वर्तीयों ने मनसाही प्रखंड मुख्यालय के समीप फोर लाइन सड़क किनारे कद्दू खरीदने की भीर छठ व्रतियों की भीर देखा गया।

## मनिहारीः नाव डूबने से लापता दो किशोरियों में से एक का शव बरामद



**कटिहार**। जिले के मनिहारी थाना के हटकोला के समीप नदी में नाव डूबने से उस पर सवार अधिकांश लोगों ने तैरकर जान बचा गया है। लेकिन सवार मुनीलाल की बारह वर्षीय पुत्री लवली कुमारी एवं भीम मंडल की पुत्री तेरह वर्षीय नेहा कुमारी लापता हैं। नदी में लापता इन किशोरियों की खोज एसडीआरएफ दल के सहयोग से प्रशासन द्वारा करायी जा रही हैं।इस बीच मंगलवार को घटना स्थल से कुछ दूरी पर एसडीआरएफ दल को लवली कुमारी, (पिता मुनी लाल मंडल ) की शव तैरता मिला। जबकि लापता नेहा कुमारी की खोज नदी में जारी है। शव मिलने की सूचना पर भारी संख्या में ग्रामीणों परिजनों की भीड़ जमा हो गयी। थानध्यक्ष पंकज आनंद ने जानकारी दी कि शिवानी कुमारी ऊर्फ लवली कुमारी का शव बरामद हो गया है।कानूनी प्रक्रिया पूरी कर लाश को पोस्टमार्टम हेतु कटिहार भेज दिया गया है। लापता नेहा कुमारी की खोजबीन जारी है।

### मां काली पूजा का भव्य आयोजन, जुटे हजारों श्रद्धालुगण



**बक्सर**। जिला के ब्रह्मपुर प्रखंड के रघुनाथपुर गाँव में जय मां काली पूजा समिति लाला पुल के तत्वाधान में हर साल की भांति इस साल भी मां काली के भव्य मूर्ति पूजा का आयोजन किया गया। 3 दिनों तक चलने वाले पूजा के दौरान पंडाल के आसपास मेले का माहौल रहा। शाम को मां काली की आरती स्थानीय कलाकारों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। आरती के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। भक्ति गानों पर कलाकारों के साथ दर्शक भी झूम उठे । इस पूजा के दौरान पूरे मोहल्ला की साफ सफाई भी समिति के लोगों के द्वारा कराई गई। विदित हो कि समिति के अध्यक्ष गोविंद प्रसाद एवं समिति के अन्य युवा सदस्यों के विशेष सहयोग से हर साल यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

# युवा समरस मंच ने 251 छठ व्रतियों के बीच किया पूजन सामग्री का वितरण

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। सामाजिक संगठन युवा समरस मंच ने साधनापुरी में 251 छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण किया। पूजन सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन युवा समरस मंच गर्दनीबाग पटना के अध्यक्ष अनुराग स्वरूप एवं उनकी पूरी टीम की अध्यक्षता में हुआ । टीम में युवा समरस मंच गर्दनीबाग पटना अध्यक्ष अनुराग समरूप,कार्यकारी अध्यक्ष रेहान सिन्हा (निखिल) , उपाध्यक्ष आशुतोष कुमार उर्फ (विक्की) , महासचिव साकेत सौरव (गोलू), आकाश वर्मा , अभिनव कुमार, एवं अन्य शामिल रहे। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधान पार्षद एवं बिहार धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य डा.रणबीर नंदन मौजूद थे। विशिष्ठ अतिथि के रुप में पटना की उप महापौर श्रीमती रेशमी चंद्रवंशी, मिसेज इंडिया शी इस इंडिया रनर अप 2017 मोनिका मनी , राज कुमार गुप्ता , यूनाइटेड न्यूज आफ इंडिया के उप संपादक प्रेम कुमार मौजूद रहे। इस अवसर पर डा. रणवीर नंदन ने सभी लोगों को छठ की शुभकामना देते हुये कहा कि छठ की महिमा अपार है। पारिवारिक सुख-समृद्धि तथा मनोवांछित फल प्राप्ति के लिए छठ पर्व मनाया जाता है।छठ पर्व सूर्य देवता और छठी मैया को समर्पित है। भक्त इस दिन उपवास रखते हैं और पवित्र नदी में अस्त और उदय होते हुए सूर्य देवता को अर्घ्य देते हैं। उप महापौर डा. रेशमी चंद्रवंशी ने कहा कि जो व्यक्ति भगवान सूर्य की विधि विधान से पूजा करता है, व्रत करता है उसे छठी मैया का आशीर्वाद प्राप्त होता है, जिससे उसके घर परिवार में खुशहाली बनी रहती है। श्री अनुराग समरूप ने कहा कि छठ पूजा का महत्व भारतीय समाज में बहुत अधिक है। यह पर्व न केवल श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है, बल्कि यह एकता और भाईचारे को भी बढ़ावा देता है। इस अवसर पर परिवार और समाज के लोग एकजुट होते हैं और एक-दूसरे के साथ मिलकर पूजा करते हैं। इस दौरान लोग अपने स्वास्थ्य, समृद्धि और संतान सुख के लिए विशेष रूप से प्रार्थना करते हैं। निखिल उर्फ (रेहान) ने कहा कि छठ पर्व एक कठिन तपस्या की तरह है। यह छठ व्रत अधिकतर महिलाओं द्वारा किया जाता है; कुछ पुरुष भी इस व्रत रखते हैं। छठ बिहार का महापर्व है, जिसे हम सब श्रद्धा और पवित्रता से सूर्य देव कि आराधना तथा अर्घ देकर मनाते हैं।छठ पूजा करने से व्यक्ति की हर मनोकामना पूर्ण होती है। आशुतोष कुमार उर्फ (विक्की) ने कहा, छठ पूजा चार दिनों तक चलने वाला त्योहार है। इस दौरान लोग नदी में स्नान करते हैं, व्रत रखते हैं और प्रसाद बनाते हैं। इसी के साथ लोग एक-दूसरे को मिठाइयाँ और उपहार देते हैं। छठ पूजा सिर्फ एक धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि खुशी, प्रेम और भाईचारे का प्रतीक है। मौके पर राकेश कुमार, प्रभास कुमार, पीयूष श्रीवास्तव, मणिराज,लव कुश, अमन कुमार, भावेश कुमार, राजेश कुमार,रोहित आनंद, राजू कुमार , विशाल कुमार और अनुपम कुमार समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## ह्यूमन राइट डिफेंडर ने छठ व्रतियों के बीच वितरित किया वस्त्र



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। ह्यूमन राइट डिफेंडर के राष्ट्रीय चिकित्सा पदाधिकारी शल्य चिकित्सक डॉ अंजलि सिन्हा के नेतृत्व में पटना के मुकुट मेमोरियल हॉस्पिटल के प्रांगण में छठ व्रतियों के बीच वस्त्र (साड़ी) वितरित किया गया। उक्त जानकारी ह्यूमन राइट्स डिफेंडर के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार सिन्हा ने दी। उन्होंने बताया कि सनातन धर्म के सबसे पवित्र और महान व्रत छठ (सूर्य) पूजा मनाया जाता है। यह एक ऐसी पूजा है जिसमें किसी ब्राह्मण का पूजा के लिए आवश्यकता नहीं पड़ती है। लेकिन इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें किसी तरह का ऊंच नीच, जाति - महजबी भेद का कोई बंधन नहीं होता है। सर्व धर्म समभाव का वातावरण रहता है। लेकिन पवित्रता और परहेज में किसी तरह की कोताही नहीं होता है और यह पूजा पूरी तरह निष्ठा और श्रद्धा से प्रेरित होता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार सिन्हा ने बताया कि छठ व्रती के बीच सैकड़ो साड़ी का वितरण सोमवार को किया गया। वितरित कार्य में ह्यूमन राइट्स डिफेंडर की संस्थापिका सह राष्ट्रीय महासचिव पूजा सिन्हा, सह संस्थापिका सह एससी एसटी के महासचिव आशा देवी, राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार सिन्हा, उप राष्ट्रीय अध्यक्ष रश्मि सिन्हा, राष्ट्रीय सहायक सचिव किरण, राष्ट्रीय निगरानी विभाग सरिता देवी, बिहार प्रदेश अध्यक्ष सूरज कुमार, सक्रिय सदस्य पवन कुमार सहित अन्य सदस्यगण के साथ उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि ह्यूमन राइट्स डिफेंडर धार्मिक कार्यों के अतिरिक्त ऐसे लोगों को जो असहाय, आर्थिक रूप से गरीब और बच्चों को सहायता करती है।

## छठ व्रतियों के बीच श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की ओर से कद्दू वितरण

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन कार्यालय स्थित छठ घाट के पास यूनियन के सदस्यों के द्वारा लोक आस्था के महापर्व छठ व्रत के व्रतियों के बीच कद्दू का वितरण किया गया। छठ वृत्तियों के बीच कद्दू वितरण पूर्व विधान पार्षद एवं बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य डॉक्टर रणबीर नंदन ने किया। इस मौके पर पूर्व विधान पार्षद डॉक्टर नंदन ने कहा की लोक आस्था का महापर्व छठ व्रत बिहार वासियों के लिए सबसे बड़ा त्यौहार है और इस पर्व के मौके पर शुद्धता और सहयोग का बहुत बड़ा महत्व है। छठ व्रत में भगवान विष्णु के रूप सूर्य की पूजा की जाती है और उनकी बहन छठी मैया की आराधना भी होती है। छठ व्रत के मौके पर छठ व्रतियों के सहयोग करने से बहुत पुण्य होता है। इस मौके पर बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार एवं महासचिव मुकुंद कुमार सिंह ने कहा कि यूनियन के प्रांगण में छठ घाट का निर्माण कराया गया है जहां छठ बेटियों के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने को यूनियन के सदस्य तत्पर हैं इसी के तहत छठ व्रतियों के बीच कद्दू वितरण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का संयोजन पत्रकार संजय कुमार ने किया। इस मौके पर पूर्व पार्षद लालबाबू प्रसाद, यूनियन के सदस्य, राजेश सोनी, जावेद आलम, संजय कुमार, रंजीत कुमार, रंजीत डे, राकेश दुबे, विशाल कुमार तथा स्थानीय निवासी गोरख यादव एवं चीना यादव ने सहयोग किया।

## गंगा किनारे घाटों पर सिविल डिफेंस में मोर्चा संभाला

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना सिटी** । क्राउड कंट्रोल मैनेजमेंट के मध्य नजर विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए छठ महापर्व 2024 के अवसर पर राजधानी पटना पटना सिटी के गंगा घाट पर सिविल डिफेंस ने मोर्चा संभाल लिया है।पटना सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन सह अनुदेशक विजय कुमार सिंह इलियास श्याम नाथ सिंह इसकी कमान संभाल रहे हैं। श्री सिंह ने बताया कि दीघा से लेकर दीदारगंज तक गंगा किनारे के 102 गंगा घाटों पर 200 से ज्यादा सिविल डिफेंस वार्डन एवं वॉलिंटियर्स जिला प्रशासन के कंट्रोल में नहाया था कि दिन प्रातः 4:00 बजे से भोर से ही मुस्तैदी हैं।550 घाटों पर छठवर्ती छठ कर रहे हैं । सिविल डिफेंस के नियंत्रक सह पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर चंद्रशेखर सिंहके हवाले से बताया कि 200 जवानों के साथ एन डी आर एफ की 80 टीम, 26 जवानों के साथ एसडीआरएफ की 14 टीम ,333 गोताखोर ,105 नाव एवं नाविक को भी इस कार्य में लगाया गया है। इस चार दिवसीय महापर्व। पटना यातायात पुलिस ने यातायात प्रबंधन की विशेष व्यवस्था की है। गंगा में निजी नाव के चलने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है ।महापर्व की पूर्व संध्या पर स्थानीय इसके मेमोरियल हॉल में पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर चंद्रशेखर सिंह और एस एस पी सह डीआईजी श्री राजीव मिश्रा ने छठ महापर्व में विभिन्न गंगा घाटों यातायात प्रबंधन एवं आपदा प्रबंधन के तहत तैनात वरीय अधिकारियों एवं पुलिस के जवानों को ब्रीफिंग की और उन्हें कर्तव्य बतायाज। गंगा किनारे घाटों पर पटाखा चलाने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया। श्री सिंह के अनुसार गायघाट पर वार्डन अरुण कुमार हरेंद्र नाथ , प्रवीण प्रीतम, राज किशोर सिंह एवं अंशु देवी , भीड़ प्रबंधन के तहत गंगा में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं को बैरीकेट के पार नहीं जान देने तथा खतरनाक घाटों के इर्द-गिर्द रोको टोको अभियान चला रहे हैं।

## पीएमआई ने भारत में अवैध तंबाकू व्यापार को खत्म करने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। हाल ही में आयोजित एक कार्यक्रम में तम्बाकू के अवैध कारोबार को रोकने की अपनी प्रतिबद्धता के अंतर्गत, फिलिप मॉरिस इंटरनेशनल (पीएमआई) के इंडिया एफिलिएट, आईपीएम इंडिया ने विभिन्न सरकारों के बीच सहयोग और विभिन्न देशों से होकर गुजरने वाले ट्रांसनेशनल नेटवर्क की खुफिया जानकारी साझा करने के महत्व पर बल दिया। भारत में तम्बाकू का अवैध कारोबार पिछले कुछ सालों में बहुत तेजी से बढ़ा है। टोबैको इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (टीआईआई) ने खुलासा किया है कि सिगरेट का अवैध कारोबार, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तस्करी करके लाए गए और स्थानीय स्तर पर टैक्स चोरी करके बनाए गए सिगरेट शामिल हैं, इस समय भारत में कुल सिगरेट उद्योग के एक चौथाई के बराबर है। भारत में 12 करोड़ लोग धूम्रपान करते हैं, जो विश्व में चौथा सबसे बड़ा और सबसे तेजी से विकसित होता हुआ अवैध सिगरेट का केंद्र बनता जा रहा है। भारत में तम्बाकू के अवैध व्यापार को रोकने के लिए मिलकर प्रयास करने की जरूरत के बारे में नवनील कर, मैनेजिंग डायरेक्टर, आईपीएम इंडिया ने कहा, ''नकली और प्रतिबंधित उत्पादों की तस्करी का मार्ग पूरे विश्व में मौजूद है। तम्बाकू के अवैध व्यापार के बारे में चिंता व्यक्त करते हुए अनुश्री लक्ष्मीनारायणन, डायरेक्टर, एक्सटर्नल अफेयर्स, आईपीएम इंडिया ने कहा, ''हम लंबे समय से अवैध सिगरेट के व्यापार को रोकने पर केंद्रित हैं। हम अपनी सप्लाई चेन और अपने उत्पादों की सुरक्षा करना चाहते हैं।

## बिहार सरकार के जल संसाधन विकास विभाग के प्रधान सचिव और पूर्व जिलाधिकारी सतोष कुमार मल्ल का जिला आगमन के उपरांत नागरिकों ने किया भव्य स्वागत

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद**। बिहार सरकार के जल संसाधन विकास विभाग के प्रधान सचिव एवं जिला के जिलाधिकारी रहे संतोष कुमार मल्ल का परिसदन में आगमन हुआ। ज्ञात रहे कि 2019 में उनका आगमन उस समय हुआ था जब केन्द्रीय विद्यालय संगठन के अध्यक्ष थे और केंद्रीय विद्यालय स्कूल के उद्घाटन में भाग लेने आये थे। इस अवसर पर जहानाबाद के जिलाधिकारी भी उपस्थित थीं। उनका स्वागत करने वाले प्रमुख लोगो में खेल जगत से जुडे अधिवक्ता सह अपर लोक अभियोजक विनोद कुमार सिंह, वरीय पत्रकार संतोष श्रीवास्तव , लोक अभियोजक सुरेंद्र प्रसाद सिंह , पूर्व मुखीया तारकेश्वर प्रसाद , राजद नेता विजय मंडल, सरदार हरजिंदर सिंह , अपर लोक अभियोजक अवधेश , शिक्षाविद डा.एस.के सुनील ,भाजपा नेता रंजीत रंजन, अधिवक्ता अनवर हुसैन, राजीव कुमार विमल ,खिलाड़ी क़ासिम सहित बडी संख्या में खिलाडी उपस्थित थे ।

## मनिहारी रेलखंड में सात ट्रेन अलग अलग समय में चल रही हैःसीनियर डीसीएम

नई सोच एक्सप्रेस



**कटिहार**। मनिहारी गंगा स्नान करने के लिए छठव्रतियों की अपार भीड़ नजर आ रही है। इसके लिए रेल प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं के सुविधा के लिए कटिहार मनिहारी रेलखंड में आधे दर्जन से अधिक ट्रेन परिचालित किया जा रहा है। जिसमें स्पेशल ट्रेन भी शामिल है। इस संबंध विशेष जानकारी देते हुए कटिहार रेल मंडल के पीआरओ सह सीनियर डीसीएम धीरज चंद्र कलिता ने बताया कि रेल प्रशासन द्वारा वर्तमान में कटिहार मनिहारी रेलखंड में कुल सात ट्रेन अलग अलग समय पर अप डाउन में चल रही है। कटिहार और मनिहारी स्टेशन पर श्रद्धालुओं के सुविधा और सुरक्षा के दृष्टिकोण से समुचित व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो इसपर रेल प्रशासन द्वारा विशेष तौर पर 24 घंटे नजर रखा जा रहा है। सीनियर डीसीएम धीरज चंद्र कलिता स्वयं रात्रि के समय फील्ड में घूमकर इसकी मॉनिटरिंग कर यात्रियों और श्रद्धालुओं की स्थिति का प्रतिदिन जायजा ले रहे है। सीनियर डीसीएम धीरज चंद्र कलिता ने बताया कि कटिहार से मनिहारी के लिए वर्तमान में प्रतिदिन मध्यरात्रि 1.30 बजे, सुबह 6.00 बजे, 10.00 बजे, दोपहर 14.00 बजे, 14.40 बजे,रात्रि 20.30 बजे और रात्रि 21.15 बजे ट्रेन कटिहार से मनिहारी के लिए खुल रही है जो कि वापसी में क्रमशः 4.45, 6.00, 9 30, 13.45, 18.15, 23.35, 00.30 बजे कटिहार प्रतिदिन वापस आ रही है। वही छठव्रतियों की उमड़ी भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन पूरी तरह सजग है।

## रेल अधिकारियों ने कटिहार स्टेशन पर बनाए गए होल्डिंग एरिया का लिया जायज़ा

नई सोच एक्सप्रेस



**कटिहार**। कटिहार स्टेशन पर श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर रेल प्रशासन द्वारा छठ पूजा में रेल यात्रा करने वाले यात्रियों और श्रद्धालुओं के लिए रेलवे स्टेशन परिसर में एक बड़ा सा होल्डिंग एरिया बनाया जा रहा। जिससे प्लेटफार्म पर भीड़ न हो और यात्रि गण उस एरिया में विश्राम करे और जब उनकी ट्रेन का उद्घोषणा हो तभी प्लेटफार्म पर आराम से जाए। वही कटिहार स्टेशन पर बनाए गए होल्डिंग एरिया का जायज़ा लेने के लिए मंगलवार को कटिहार रेलमंडल के एडीआरएम मनोज कुमार सिंह अपने अधिकारिक दल के साथ स्टेशन परिसर पहुंचे और संबंधित रेल अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुविधा के दिशा में कई दिशा निर्देश दिए। ताकि महापर्व के मौके पर किसी भी श्रद्धालुओं को रेल यात्रा के दौरान कोई भी असुविधा न हो । मौके पर सीनियर डीसीएम धीरज चंद्र कलीता, एसीएम कुमार जितेंद्र सिंह और असिस्टेंट कमांडेंट आरपीएफ मो फरीद अहमद, डीएसटीई पल्लब कुमार, आरपीएफ इंस्पेक्टर राकेश कुमार, सीएमआइ रामप्रवेश , टीए टु एडीआरएम अमित सागर आदि अधिकारीगण निरीक्षण के दौरान मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### जिलाधिकारी ने आयुष्मान जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया



**जहानाबाद।** जिलाधिकारी ने आयुष्मान भारत अभियान के व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार के ध्येय से आयुष्मान जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत जिला में अब तक कुल 408140 लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड निर्गत किया जा चुका है। महापर्व छठ के दौरान राज्यस्तर पर 4 नवम्बर से 09 के बीच विशेष अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शेष बचे पात्र लाभार्थियों को शत प्रतिशत आच्छादित करने एवं 70 वर्ष या उससे ज्यादा उम्र के बुजुर्गों को भी आयुष्मान कार्ड का निर्माण किया जाना है। जिसके लिए सभी सरकारी अस्पतालों के डिजिटल काउंटर, पंचायत स्तर/वार्ड स्तर पर कार्यरत कार्यपालक सहायकों एवं सी0एस0सी0 के वी0एल0ई0 को जिम्मेदारी सौंपी गई है। शिविर को सफल बनाने के लिए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। जिलाधिकारी ने जिला एवं प्रखंड स्तर पर सभी संबंधित पदाधिकारियों को जिले के सभी ग्राम पंचायतो एवं वार्डो में आयुष्मान शिविर लगाने का निदेश दिया गया है। इस हेतु उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद/नगर पंचायत, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सभी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी एवं अन्य सभी संबंधितों को आवश्यक कार्रवाई हेतु आदेशित किया गया। पात्र लाभार्थी अपने साथ राशन कार्ड/पी.एम लेटर, आधार कार्ड एवं मोबाइल नं. के माध्यम से सभी सरकारी अस्पतालों के डिजिटल काउंटर, पंचायत सरकार भवन एवं सी0एस0सी पर अपना आयुष्मान कार्ड निःशुल्क बनवा सकते हैं।

### भ्रष्ट गरीब विरोधी हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है जनताः- श्रवण कुमार



**झारखंड।** तमाड़ विधानसभा के भूइंयाडीह में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने जनसंपर्क अभियान के क्रम में वर्तमान की हेमंत सोरेन सरकार पर जनता को दिग्भ्रमित कर ठगने वाली सरकार बताया है। बीते 5 सालों में सरकार सभी क्षेत्रों में विफल साबित हुई है। अटूट प्राकृतिक संपदा होने के वावजूद यहां के लोग बिजली सड़क पानी को तरस रहें हैं और सरकार झूठ का ढिंढोरा पीट रही हैं दो दो वर्षों से खराब चपाकल को कोई सूद लेने वाला नहीं है। विकास के क्षेत्र में आज झारखंड सबसे पिछड़े प्रदेश में गिनती की जा रही है। झारखंड को एन डी ए नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार की जरूरत है। हेमंत सरकार के हर विभाग में भ्रष्टाचार और घोटाला के मामले दिख रहे हैं।ऐसी लूटेरी सरकार को जनता ने झारखंड से उखाड़ फेंकने का संकल्प लें लिया है।तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के लोग तो यह भी कह रहे हैं विधानसभा चुनाव जीतने के पांच साल बाद वर्तमान विधायक नगर आते हैं।जीतने के बाद क्षेत्र में नजर ही नहीं आते वहीं दूसरे ओर गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर जी हमारे हर सुख-दुख में कुछ न रहते भी सरीक पहले से लेकर अब तक होते आयें है वे बेटे बनकर हमलोग की सेवा करते आयें है हमलोग एन डी ए समर्थित जदयू प्रत्याशी राजा पीटर को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया है।सबका साथ सबका विकास वाले एन डी ए सरकार को अपना मत देंगे तथा विजयी बनायेंगे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नीतीश कुमार के नीतियों एवं सिद्धांतों से प्रभावित होकर तमाड के हीरालाल महतो रोहित महतो श्याम सुंदर प्र सुजीत कु प्रदीप महतो राजेंद्र प्रसाद महतो रमेश महतो शिवा महतो शिव सेठ पंकज कुमार ललन महतो अरूण कुमार सहित दर्जनों लोगों ने जनता दल यूनाइटेड की सदस्यता ग्रहण की ।इस अवसर पर जदयू नेता शैलेन्द्र महतो प्रदेश सचिव सुमित कुमार किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष त्रिनयन कुमार किसान अध्यक्ष अनुप सिंह पटेल जदयू नालन्दा के मुख्य प्रवक्ता डॉ धनंजय कुमार देव अरूण कश्यप सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शहरी क्षेत्र के 29 घाट पर होगा छठ, चेंजिंग रूम के साथ सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**छपरा।** छपरा शहरी क्षेत्र के 29 घाट पर नगर निगम द्वारा छठ की तैयारी की जा रही है। शहर से सटे 27 छठ घाट और शहर में दो सरोवर को छठ महापर्व के लिए चिह्नित किया गया है। जिसके तैयारी को लेकर नगर निगम द्वारा एक समिति बनाकर तमाम जरूरत के सुविधा का व्यवस्था किया जा रहा है। शहर के सटे दक्षिण दिशा में वार्ड 1 से लेकर 45 तक 27 घाट पर पूजा होना है। वही राजेन्द्र सरोवर और शाह बनवारी लाल सरोवर पर भी छठ पूजा का आयोजन होना है। सभी घाटों पर समुचित लाइट, चेंजिंग रूम, रास्ता और सुरक्षा का समुचित व्यवस्था किया जाना है। मेयर लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने बताया कि नगर निगम के तरफ से नदी तटीय क्षेत्र में 27 घाट और शहरी क्षेत्र में 2 घाट को चिह्नित किया गया है। नगर निगम क्षेत्र में कोई भी खतरनाक घाट नहीं है। सभी घाट पर स्वच्छता को लेकर सभी तरह समुचित व्यवस्था किया जा रहा है। पहली बार नदी में शहर के नाली का पानी नही गिरने दिया जा रहा है। नगर निगम क्षेत्र में नमामि गंगे परियोजना के मदद से सभी नाला के पानी को रोक दिया गया है। जिससे स्वच्छ और निर्मल गंगा जल में छठ पूजा सम्पन्न होगा। शहर के सबसे बड़े खनुआ नाला के पानी को भी फिल्टर प्लांट के माध्यम से रोक दिया गया है।

### वाहन चेकिंग के दौरान देसी शराब के साथ कार जब्त,तस्कर गिरफ्तार



**छपरा।** रिविलगंज थाना पुलिस ने टेकनिवास फोर लेन के पास वाहन चेकिंग के दौरान कार जब्त किया। कार में करीब एक हजार लीटर देसी शराब थी, उसे भी जब्त किया गया। एसपी डॉ कुमार आशीष ने बताया कि एक तस्कर भी पकड़ा गया है। वह स्थानीय थाना क्षेत्र के औली गांव का दीपक राय बताया जाता है। एसपी ने बताया कि ज़िले में अवैध शराब का सेवन, निर्माण, बिक्री, भण्डारण, परिवहन, शराब तस्करों एवं शराब कारोबारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

### लोक गायिका शारदा सिन्हा के जल्द स्वाथ्य लाभ के लिए गंगा नदी में उतर कर बफ्टा टीम ने की प्रार्थना



**मुंगेर।** देश की प्रसिद्ध लोक गायिका शारदा सिन्हा आजकल गंभीर हालत में आईसीयू में हैं। वह मल्टीपल मायलोमा नामक खतरनाक बीमारी से जूझ रही हैं। मुंगेर में कष्टहरणी घाट गंगा नदी में उतर कर बफ्टा के कलाकारों ने हीरो राजन कुमार के नेतृत्व में शारदा सिन्हा की अच्छी सेहत के लिए प्रार्थना की। दुख की इस घड़ी में राजन कुमार और उनकी टीम शारदा सिन्हा के परिवार के साथ खड़ी है। बता दें कि 2016 में जब राजपथ पर बिहार का टैब्लॉ निकला था, युवा गांधी की भूमिका में वहां हीरो राजन कुमार को बुलाया गया था। उस समय शारदा सिन्हा भी वहां मौजूद थीं। जब चंपारण गांधी जी आए थे तो उस वक्त की घटनाक्रम को शारदा सिन्हा ने गाया था। वह राजन कुमार की परफॉर्मेंस से बहुत प्रभावित थीं। बिहार फ़िल्म ऐंड टीवी आर्टिस्ट एसोसिएशन की पूरी टीम रात दिन शारदा सिन्हा के स्वास्थ्य लाभ के लिए दुआएं कर रही है। मैथिली और भोजपुरी लोकगीतों में आवाज दे चुकी बिहार कोकिला शारदा सिन्हा ने कई भाषाओं में लोकगीत गाए हैं। उन्होंने मैंने प्यार किया और हम आपके हैं कौन जैसी हिंदी फिल्मों में भी गीत गाए हैं। 1अक्टूबर 1952 को जन्मी शारदा सिन्हा भारत की आन शान हैं और पूरा देश उनके ठीक होने के लिए प्रार्थना कर रहा है।

# स्टैंड संचालक के मनमानी से बस संचालक ने किया विरोध प्रदर्शन

नई सोच एक्सप्रेस



**समस्तीपुर।** कर्पूरी बस पड़ाव के संचालक की मनमानी के खिलाफ मांगलवार जिला मोटर व्यवसायी संघ के नेतृत्व में बस मालिकों ने सभी रूटों की बसों का परिचालन ठप कर विरोध प्रदर्शन किया। संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से कर्पूरी बस पड़ाव संचालक की मनमानी चरम पर है। शहर में कई जगह इनके गुंडे बस, टेंपो एवं ई-रिक्शा से कूपन चेकिंग के नाम पर नाजायज वसूली एवं मार पीट करते हैं जिसके कारण बस मालिकों में काफी आक्रोश है। आज की घटना की जानकारी देते हुए संघ के महासचिव संजीव कुमार सुमन ने बताया कि एक बस के संचालक को यह कहकर कि पिछले 26 सितंबर को आपकी बस बिना कूपन के गई थी जिस कारण आपको 5000 / जुर्माना देना होगा । बस मालिक के द्वारा आरोप एवं जुर्माना से इनकार करने पर यात्री से भरी बस को स्टैंड संचालक द्वारा खाली करा दिया गया। इन बातों से उग्र होकर वाहन संचालक एवं कर्मचारी के द्वारा संघ को सूचना देकर सभी रुट की बसों का परिचालन पूरी तरह बंद कर दिया गया। तीन घंटे बाद नगर निगम के नगर आयुक्त के द्वारा अधिकारियों की एक टीम उप नगर आयुक्त विभूति कुमार के नेतृत्व में बस पड़ाव में भेजी गई जहां उनके द्वारा दोनों पक्षों से वार्ता कर भविष्य में घटना की पूर्णावती नहीं होने की चेतावनी बस पड़ाव संचालक को देते हुए छठ पर्व को देखते बस मालिकों से बसों के परिचालन को प्रारंभ करने का अनुरोध किया । बस मालिकों ने छठ पर्व को देखते हुए उप नगर आयुक्त के आग्रह को स्वीकार कर बसों के परिचालन को प्रारंभ किया।विरोध प्रदर्शन में संघ के कार्यकारी अध्यक्ष मनीष अग्रवाल , महासचिव मनोज कुमार सिंह , सचिव राजबाला राय, मकसूद आलम अंसारी, रिंकू सिंह, सुनील राय, शंभू तिवारी, ओम प्रकाश सिंह, उमेश राय, विपिन कुमार, रामकृष्ण , अशोक राय, संजय राय सहित दर्जनों वाहन व्यवसायी मौजूद थे।

## छठ महापर्व पर छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्रयां वितरण

नई सोच एक्सप्रेस



**समस्तीपुर।** आस्था के महापर्व छठ पर्व 24के पूर्व छठव्रतियों के बीच स अमृता कुमारी शिक्षिका सह समाजसेविका +2 सर्वोदय उच्च विद्यालय वैनी पूसा समस्तीपुर के द्वारा सुबह आठ बजे गायत्री मंदिर वैनी के परिसर में पुजन सामग्री साड़ी, नारियल,सूप, अगरबत्ती आदि का वितरण किया गया। वितरण समारोह में बिहार एनजीओ संघ के सचिव अधिवक्ता संजय कुमार बबलू, गायत्री मंदिर के संस्थापक सह सर्वोदय उच्च विद्यालय वैनी के सेवानिवृत्त शिक्षक अरुण कुमार, सर्वोदय उच्च विद्यालय वैनी के शिक्षक अभय कुमार, राहुल कुमार, मनोज ठाकुर, सुभाष शर्मा, श्वेता कुमारी, छवि प्रकाश,गोपी कुमारी, पिंटू कुमार, संजीव कुमार,संजय कुमार, समाजसेवी सुमित कुमार ठाकुर उमंग राज आदि उपस्थित थे। छठव्रतियों को संबोधित करते हुए शिक्षिका अमृता कुमारी ने कहा पूरे विश्व में छठ ही ऐसा पर्व है जिसमें डूबते सूर्य की भी पूजा होती है। उगते सूर्य की पूजा की परंपरा समाज में हमेशा से रही है लेकिन डूबते सूर्य की पूजा एक मात्र छठ पर्व में ही होती है। हम सभी देशवासियों को इस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाना चाहिए एवं यह ध्यान रखना चाहिए कि आर्थिक अभाव में कोई भी छठव्रती छठ पूजा से वंचित नहीं रह जाए ।शिक्षक अभय कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि छठ पर्व हमारे देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी मनाया जाता है।

## छठ महोत्सव में छात्र छात्राओं ने पेश की आकर्षक झांकी

नई सोच एक्सप्रेस



**छपरा।** अमनौर प्रखण्ड के रामवंती नंदरानी इंटरस्तरीय प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय अपहर के प्रधानाचार्य विजयानंद पंडा सर एवं सीनियर शिक्षिका संगीता सिंह की देखरेख में मंगलवार को छठ महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में अहम भूमिका निभाते हुए संगीत शिक्षक शशि भूषण सिंह ने अपने नेतृत्व में विद्यालय की छात्राओं के साथ मंच पर छठ गीत प्रस्तुत किये। विद्यालय की शिक्षिका बेबी मैंम के द्वारा बच्चों से झांकियां प्रस्तुत कराई गई जो काफी लुभावनी और सराहनीय थी। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की टोली माथे पर सजी हुई दउरा लेकर सड़क से होकर विद्यालय परिसर स्थित कृत्रिम घाट पर पहुंची। इस कार्यक्रम में अहम भूमिका निभाते हुए विद्यालय के शिक्षक रामचंद्र सर, पंकज कुमार,राजीव रंजन,आदित्य सिंह,अखिलेश पाठक,अनुपमा सिंह, मनीष चंद्रा, मुस्कान,आर्कमिडिज,तबस्सुम असमी खातून,दीक्षा राय, रजनीश तिवारी, बलराम ठाकुर ,श्रीकांत महतो ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मंच का संचालन अखिलेश पाठक के द्वारा किया गया।

# शिक्षिका सह समाजसेवी अमृता कुमारी ने छठ वर्तियों के बीच पूजन समाग्री एवं साड़ी का वितरण किया गया

नई सोच एक्सप्रेस



**समस्तीपुर।** आस्था के महापर्व छठ पर्व के पूर्व छठ व्रतियों के बीच अमृता कुमारी शिक्षिका सह समाजसेविका +2 सर्वोदय उच्च विद्यालय वैनी पूसा समस्तीपुर के द्वारा सुबह आठ बजे गायत्री मंदिर वैनी के परिसर में पुजन सामग्री साड़ी, नारियल,सूप, अगरबत्ती आदि का वितरण किया गया। वितरण समारोह में बिहार एनजीओ संघ के सचिव अधिवक्ता संजय कुमार बबलू, गायत्री मंदिर के संस्थापक सह सर्वोदय उच्च विद्यालय वैनी के सेवानिवृत्त शिक्षक अरुण कुमार, सर्वोदय उच्च विद्यालय वैनी के शिक्षक अभय कुमार, राहुल कुमार, मनोज ठाकुर, सुभाष शर्मा, श्वेता कुमारी, छवि प्रकाश,गोपी कुमारी, पिंटू कुमार, संजीव कुमार,संजय कुमार, समाजसेवी सुमित कुमार ठाकुर उमंग राज आदि उपस्थित थे। छठव्रतियों को संबोधित करते हुए शिक्षिका अमृता कुमारी ने कहा पूरे विश्व में छठ ही ऐसा पर्व है जिसमें डूबते सूर्य की भी पूजा होती है। उगते सूर्य की पूजा की परंपरा समाज में हमेशा से रही है लेकिन डूबते सूर्य की पूजा एक मात्र छठ पर्व में ही होती है। हम सभी देशवासियों को इस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाना चाहिए एवं यह ध्यान रखना चाहिए कि आर्थिक अभाव में कोई भी छठव्रती छठ पूजा से वंचित नहीं रह जाए ।शिक्षक अभय कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि छठ पर्व हमारे देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी मनाया जाता है।

## नहाय-खाय के साथ सूर्योपासना और आस्था का महापर्व छठ शुरू



नई सोच एक्सप्रेस

**छपरा।** नहाय खाय के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व की शुरुआत मंगलवार को हुई। पहले दिन छठव्रतियों ने नदी-तालाब में स्नान कर भगवान भाष्कर की पूजा की। इसके बाद छठव्रतियों ने अपने घरों में प्रसाद के रूप में कद्दू और चने का दाल बनाया। छठ पूजा में शुद्धता का विशेष ख्याल रखा जाता है, ऐसे में प्रसाद को बहुत शुद्धता के साथ बनाकर पहले भगवान को भोग लगाया गया फिर छठव्रतियों ने प्रसाद ग्रहण की और श्रद्धालुओं में वितरण किया। छठ पूजा को लेकर घाटों पर विशेष तैयारी की गयी है। छठव्रती शिक्षिका अर्चना कुमारी ने बताया कि छठ महापर्व का शुभारंभ हो गया है। पहला दिन नहाय खाय हैं,आज व्रतियों ने नदी मे स्नान किया है और भगवान सूर्य की पूजा भी की है। कल छठ महापर्व के दूसरे दिन खरना है। छठ सबसे पवित्र पर्व है, सच्चे मन से पूजा करने से सारी मनोकामना पूरी होती है।

## जहरीली शराब कांड के बाद पुलिस कर रही शराब की तलाश, धंधेबाजों में हड़कंप



नई सोच एक्सप्रेस

**छपरा।** जिले के मशरक थाना क्षेत्र में बीते दिनों जहरीली शराब कांड और मौतों के बाद अब पुलिस अलर्ट मोड में है। सारण पुलिस मशरक थाना क्षेत्र में शराब खोजबीन को लेकर श्वान दस्ता की मदद ले रही है। पुलिस श्वान दस्ता की मदद से मशरक थाना अंतर्गत बली विशुनपुरा, ब्राहिमपुर, गंडामण, बहुआरा, सिकटी, कर्ण कुदरिया आदि गांवों में छापेमारी अभियान चला रही है। मशरक थाना अध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि शराब पर रोक लगाने और शराब बरामदगी को लेकर छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमें पुलिस इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहें। उन्होंने बताया कि शराब निर्माण, बेचना और पीना गैरकानूनी है,यदि कोई भी इस धंधे में संलिप्त हैं तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि छापेमारी अभियान के दौरान कुछ शराब धंधेबाजों की पहचान की गयी जिन पर जल्द ही कारवाई की जाएगी हालांकि इस क्रम में किसी तरह की बड़ी सफलता नही मिल सकी है, लेकिन शराब माफियाओं के बीच प्रशासन के इस कदम से हड़कंप जरूर मच गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस तरह की सख्ती आगे भी जारी रहेगी।

## लेट्स इंस्पायर बिहार

**राहुल कुमार सिंह**

मुख्य कोऑर्डिनेटर, लेट्स इंस्पायर, बिहार

### 21वीं सदी की माँगों के लिए युवाओं को तैयार करना एक चुनौती

नई सोच एक्सप्रेस

**आईपीएस विकास वैभव का कहना है कि विशाल युवा आबादी को देखते हुए सचेत होने का समय है, बिहार के स्कूलों में कक्षा 6 से उद्योग-प्रासंगिक कौशल विकास के लिए सप्ताह में एक दिन होना चाहिए। बिहार के शिक्षण संस्थानों को मात्र डिग्री जारी करने वाले संस्थानों से कौशल सृजनकर्ता के रूप में स्वयं को रूपांतरित करना होगा।**



**[ बिहार के पिछड़ेपन में मुख्य भूमिका में एक कारक यह भी है कि आज़ादी के कई वर्षों के बाद तक प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थाओं की संख्या कम है। जिससे राज्य उच्च गुणवत्ता वाली पीढ़ी का निर्माण नहीं कर पाया। जो पीढ़ी, बिहार से बाहर जाकर शिक्षा ग्रहण की उनकी गुणवत्ता अन्य छात्रों से बेहतर रही। राज्य ने समय रहते अपने को सचेत नहीं किया। आने वाली पीढ़ियों को मजबूती प्रदान करने के लिए लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान बिहार में औद्योगिक कौशल के विकास के लिए गुणवत्ता वाली शिक्षण संस्थानों की वकालत करता है। जिससे न केवल वैज्ञानिक दृष्टि से बल्कि सांस्कृतिक और सामरिक दृष्टिकोणों से युवाओं को आने वाले दशकों की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार किया जा सके। ]** युवाओं को सशक्त बनाने के लिए और भविष्य की चुनौतियों का साहस से सामना करने के लिए उद्यमिता और नवाचार केंद्र की स्थापना के लिए बिहार को चिंतनशील होना होगा। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के स्टार्टएक्स (StartX) एवं उद्यमिता कार्यक्रमों जैसे सफल उदाहरणों के आधार पर बिहार के विश्वविद्यालयों में समर्पित उद्यमिता एवं नवाचार केंद्रों की स्थापना करने के विषय में सोचना शुरू कर देना होगा। ये केंद्र छात्रों और शिक्षकों को उनके नवोन्मेषी विचारों को सफल उद्यमों में बदलने के लिये मार्गदर्शन, वित्तपोषण के अवसर तथा सहायक पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान कर सकते हैं। HCL TechBee कक्षा 12 के उन छात्रों की सहायता करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है जो सूचना प्रौद्योगिकी (IT) में कॅरियर बनाने में रुचि रखते हैं। अपने लेख के माध्यम से यह सुझाव देना चाहता हूं कि बिहार को सशक्त करने के लिए ऐसे ही उपायों को अपने शिक्षण संस्थानों में लागू करना चाहिए। हाल की रिपोर्टों ने भारतीय उच्च शिक्षा संस्थानों में बढ़ते राजनीतिकरण की चिंताजनक प्रवृत्ति को भी उजागर किया है, जो अकादमिक स्वतंत्रता, बौद्धिक विमर्श और शिक्षा की समग्र गुणवत्ता के लिये गंभीर खतरा उत्पन्न करता है। उच्च शिक्षा संस्थानों में छात्र नामांकन की संख्या वर्ष 2021-22 तक 4.33 करोड़ थी, जो वर्ष 2020-21 में 4.14 करोड़ और वर्ष 2014-15 में 3.42 करोड़ से उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाती है। उच्च शिक्षा में नामांकित महिलाओं की संख्या वर्ष 2021-22 तक 2.07 करोड़ थी, जो वर्ष 2014-15 में 1.5 करोड़ से 32% अधिक है। स्नातकोत्तर स्तर पर नामांकित महिलाओं का अनुपात सबसे अधिक (55.4%) देखा गया। दूसरे वर्ष से ही परियोजना आधारित शिक्षा, इंटर्नशिप और उद्योग सहयोग के माध्यम से रटन लर्निंग के बजाय व्यावहारिक कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करना होगा। विश्वविद्यालयों को सामाजिक विकास परियोजनाओं पर स्थानीय समुदायों के साथ काम करने के लिये प्रोत्साहित करना, छात्रों के बीच सामाजिक ज़िम्मेदारी एवं नागरिक भागीदारी को बढ़ावा देना होगा। भारत में विभिन्न क्षेत्रों और राज्यों में उच्च शिक्षा संस्थानों का असमान विकास हुआ है। उदाहरण के लिये, दिल्ली, तमिलनाडु और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में प्रतिष्ठित संस्थानों की संख्या अधिक है, जबकि पूर्वोत्तर और मध्य क्षेत्रों के कई राज्य गुणवत्ता एवं अभिगम्यता के मामले में पिछड़े हुए हैं। खास तौर से, अभिगम्यता में उल्लेखनीय विस्तार के बावजूद गुणवत्ता, प्रासंगिकता और 21वीं सदी की माँगों के लिए युवाओं को तैयार करने की क्षमता के बारे में चिंताएँ बनी हुई हैं। जर्मनी के प्रशिक्षुता मॉडल के समान दोहरे अध्ययन कार्यक्रमों (Dual Study Programs) का चरणबद्ध कार्यान्वयन करना, जहाँ छात्र विश्वविद्यालयों में प्राप्त सैद्धांतिक शिक्षा को कंपनियों में व्यावहारिक प्रशिक्षण के साथ संयुक्त करते हैं। यह दृष्टिकोण उद्योग-प्रासंगिक कौशल विकास सुनिश्चित करता है और रोजगार-क्षमता को बढ़ाता है, साथ ही कंपनियों के लिये कुशल कार्यबल भी उपलब्धता सुनिश्चित करता है। यह भी तय है कि बिहार की बड़ी आबादी अगर निपुण हो गई तो भारत का भविष्य भी सुंदर होगा। राष्ट्र निर्माण में बिहार के युवाओं का योगदान महत्वपूर्ण साबित होने वाला है इसलिए, आईपीएस विकास वैभव अपने अवकाश के दिनों में बिहार के तमाम स्कूलों और विश्विद्यालयों में जाकर संवाद कर रहे हैं। इसका व्यापक प्रभाव युवाओं के मन मस्तिष्क पर हो रहा है बिहार के युवा राज्य और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित हो रहे हैं।

## महापर्व छठ पूजा को लेकर तैयारी में जुटे लोग



नई सोच एक्सप्रेस

**सुगौली।** लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर छठ घाट पर प्रखंड के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों,समाजसेवियों व युवाओं के द्वारा किया जा रहा है।प्रखंड के फुलवरिया,लमौनिया,सुगांव, भटहा,गोडिगावा,श्रीपुर गोपालपुर,बंगरा सहित कई जगहों पर छठ घाट पर सफाई व रंग रोगन का कार्य किया जा रहा है। उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि विकास शर्मा,पूर्वमुखिया ललित सहनी, वार्ड सदस्य मुन्ना कुमार,अशोक महतो,पप्पू कुमार,अजय महतो,सुजीत कुमार,रामनरेश कुमार,चंदन कुमार,राहुल महतो,अवधेश महतो,झुनू ठाकुर सहित कई लोग लगे हुए है। छठ पूजा के अवसर पर इन क्षेत्रों में ट्रैफिक व्यवस्था,सुरक्षा व्यवस्था, विधि व्यवस्था,छठ घाटों की साफ सफाई,नियंत्रण कक्ष,पेयजल, शौचालय,चेंजिंग रूम,वॉच टावर, मेडिकल टीम,गश्ती दल,भीड़ तंत्र की सुरक्षा,वाहन पार्किंग,एसडीआरएफ की व्यवस्था साथ ही छठ घाटों के आस-पास व चौक-चौराहों पर सुरक्षा व्यवस्था आदि की समुचित व्यवस्था रहेगी। बीडीओ नूतन किरण ने कहा कि सूर्योपासना के इस महापर्व के अवसर पर छठ व्रतियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े. इसका विशेष ध्यान रखा जाये. विशेष रूप से छठ घाटों पर भीड़भाड़ को ध्यान में रखते हुए उचित व्यवस्था की जाये। थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने कहा कि छठ पूजा के दिन छठ घाट पर पर्याप्त संख्या में वोलेन्टियर और गोताखोर तैनात किए जाएंगे। थानाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि छठ पूजा के अवसर पर अमजनो और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने अक्टूबर 2024 में बेचीं 5,97,711 युनिट्स

**पटना**। त्योहारों के महीने में सकारात्मक संवेग के साथ साल को जारी रखते हुए और दो आंकड़ों में विकास दर्ज करते हुए होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने आज अक्टूबर 2024 के लिए अपने सेल्स के आंकड़ों की घोषणा की है। माह के दौरान कंपनी ने 5,97,711 युनिट्स डिस्पैच कीं, और 21 फीसदी सालाना की बढ़ोतरी दर्ज की है। इसमें 5,53,120 युनिट्स की डोमेस्टिक बिक्री और 44,591 युनिट्स का निर्यात शामिल है। माह के दौरान डोमेस्टिक बिक्री में 20 फीसदी सालाना बढ़ोतरी हुई, वहीं पिछले साल की समान अवधि की तुलना में निर्यात में भी 48 फीसदी की शानदार बढ़ोतरी हुई है। उल्लेखनीय है कि एचएमएसआई अप्रैल-अक्टूबर 2024 के बीच 37,56,088 युनिट्स की कुल बिक्री दर्ज कर चुकी है, जिसमें 34,34,539 युनिट्स की डोमेस्टिक बिक्री तथा 3,21,549 युनिट्स का निर्यात शामिल है।

### छठव्रतियों के बीच साड़ी का वितरण



**फतुहा**। लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के नहाय खाय के शुभ अवसर पर मंगलवार को फतुहा विधानसभा क्षेत्र के सैदनपुर निवासी समाजसेवी ई०गोपाल शंकर सिह के द्वारा दिए गये सैकड़ों पीस साड़ी का वितरण दरियापुर कटैया घाट पर छठव्रतीयों के बीच भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी के नेतृत्व में किया गया।वही सम्मसपुर में भाजपा जिला प्रवक्ता अमित कुमार सिंह उर्फ टीपू सिंह एंव सोराकोठी और महारानी चौक पर भाजपा जिला मंत्री शोभा देवी के नेतृत्व में साड़ी वितरण हुआ।इस अवसर पर जिला प्रवक्ता छोटु सिंह, महिला मोर्चा जिला मंत्री पूनम केशरी, फतुहा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी,फतुहा दक्षिणी मंडल अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह, भाजयुमो नगर अध्यक्ष सुरजीत कुमार,फतुहा नगर महामंत्री अरूण कुमार झा,रंजना पटवा,पूनम कुमारी, इन्द्रावती देवी, बेबी देवी,संजीत पासवान, दिनेश कुमार,मनोज पासवान,रविन्द्र कुमार,रजनीश झा आदि मौजूद थे।

### कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न छठ घाट पर पहुंचकर तैयारी का लिया जायजा

» वार्ड नंबर दो व चार के छठ घाट की स्थिति बहुत निंदनीय - सुनील कुमार यादव



**कटिहार**। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा मंगलवार को नहाए खाए कद्दू भात के साथ शुरू हो चुकी हैं। महापर्व छठ को अच्छे से संपन्न करवाने में नगर निगम जिला प्रशासन के साथ-साथ राजनीतिक दल से जुड़े नेता भी हर संभव सहयोग कर रहे हैं। वहीं लगातार कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनील कुमार यादव नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न छठ घाट पर पहुंचकर तैयारी का जायजा ले रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनील कुमार यादव कांग्रेस नेताओं एवं बुद्धिजीवी लोगों के साथ नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 4 के तेजा टोला,विद्यानगर, ठाकुरबाड़ी में छठ घाट का दौरा करते हुए व्यवस्था का जायजा लिया।जबकि वार्ड नंबर 02 के महिपाल नगर के भी छठ घाट का भ्रमण करते हुए तैयारी का जायजा लिया। इस दौरान वार्ड नंबर चार और दो के व्यवस्था को देखकर कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने नाराजगी जताते हुए बताया कि वार्ड नंबर चार और दो के सभी छठ घाटों पर नगर निगम या जिला प्रशासन के द्वारा सहयोग के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति अब तक की गई है।अब महज दो दिन ही रह गए हैं। जब श्रद्धालु लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा पर छठ घाट पर अर्घ देकर पूजा अर्चना करेंगे। मगर अब तक वार्ड नंबर चार और दो के छठ घाट पर तैयारी पूरी नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर 4 और 2 के लगभग छठ घाट पर साफ सफाई भी ठीक से नहीं कराई गई है और ना ही छठ घाट तक पहुंचने वाले मार्ग को समतल किया गया है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने वार्ड नंबर चार और दो के छठ पूजा घाट की दयनीय स्थिति को लेकर नगर आयुक्त संतोष कुमार एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी से बात कर हकीकत से अवगत कराया। इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने नगर आयुक्त से मांग किया कि युद्ध स्तर पर वार्ड नंबर चार और दो के विभिन्न छठ घाट पर साफ-सफाई के अलावा अन्य तैयारी पूरी कराई जाए। मौके पर दिलीप विश्वास,राजेश रंजन मिश्रा, विवेका यादव, विक्की महतो, अकबर अंसारी, मोहम्मद इश्तियाक आलम, प्रीतम चक्रवर्ती,अखिलेश पोद्दार, तेज नारायण सिंह, सुबोध यादव, गोपाल कुमार, रवि यादव, अनुप शर्मा,धीरेंद्र मोहन आर्य,शशिकांत प्रसाद, टिंकू प्रसाद,सोनू सिंह,गोलू सिंह, दीपक कुमार सहित कई कांग्रेस नेता एवं स्थानीय बुद्धिजीवी लोग मौजूद रहे।

# मंडई वीयर के निर्माण को लेकर प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग ने की बैठक

नई सोच एक्सप्रेस

**जहानाबाद**। प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल जल संसाधन विभाग की अध्यक्षता में जिला अतिथि गृह सभागार में मंडई वीयर सिंचाई योजना के निर्माण के कार्य में प्रगति हेतु जिलाधिकारी, पंकज पटेल भू अर्जन विशेषज्ञ, जल संसाधन विभाग, अमरेंद्र कुमार, अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मॉनिटरिंग अंचल 34 प्रभु नारायण सिंह कार्यपालक अभियंता योजना एवं मॉनिटरिंग प्रमंडल 9 जितेंद्र कुमार, मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन जल संसाधन विभाग, नालंदा लघु सिंचाई एवं सिंचाई विभाग, भू-अर्जन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। इसके साथ ही



मंडई वीयर सिंचाई योजना के कार्य तथा नहर के निर्माण कार्य का निरीक्षण भी प्रधान सचिव के द्वारा किया गया। मंडई वीयर का निर्माण जिला अंतर्गत मोदनगंज प्रखंड के मंडई ग्राम फल्गु नदी पर हो रहा है। इस योजना के निर्माण से जिला के मोदनगंज प्रखंड, नालंदा जिला के एकंगरसराय प्रखंड तथा पटना जिला के धनरूआ प्रखंड में 3759 हेक्टेयर सिंचाई क्षमता का सृजन होगा। मंडई वीयर का निर्माण की मूल प्रशासनिक स्वीकृति वर्ष 2006-07 में प्रदत थी।वर्ष 2008-09 में प्रथम पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति की राशि रुपए 89.0584 करोड़ रुपए के लिए संसूचित थी। जिसमें वित्तीय वर्ष 2016-17 में 23.12.2016 तक राशि रुपए 96.6717 करोड़ रुपए का व्यय हुआ। इससे लगभग 40 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। मोदनगंज अंचल की हवेलीपुर परियोजना की पूर्णता के लिए आवश्यक है कि अतिक्रमण हटाई जाए। प्रधान सचिव ने जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि अंचल अधिकारी के माध्यम से पुलिस बल की उपस्थिति में आगामी 15 से 20 दिनों के अंदर अतिक्रमण हटाने का कार्य पूर्ण करा लिया जाए ताकि मंडई वीयर सिंचाई योजना के कार्य में बाधा उत्पन्न न हो।

## स्मार्ट बाजार के विशेष जोन पर मिल रही छठ पूजा की सभी सामग्रियां

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। स्मार्ट बाजार, भारतीय परंपराओं और पर्व पर लोगों के आस्था का पूरा ध्यान रखती है। अभी मौका सूर्योपासना के महान पर्व छठ का है। लोक आस्था का यह महापर्व छठ बिहार एवं झारखंड के कोने-कोने में मनाया जाता है। इस महापर्व में लोग उगते सूर्य के पहले अस्त होते हुए सूर्य की पूजा करते हैं। यह अपने आप में अनूठी परंपरा है। स्मार्ट बाजार ने बिहार-झारखंड के सारे स्टोर्स में छठ महापर्व के लिए विशेष व्यवस्था की है। इसके लिए अलग से जोन ही बनाया गया है। इन स्टोर्स में छठ पूजा से संबंधित तमाम सामग्रियां उपलबध कराई गई है। स्टोर्स में पवित्रता का पूरा ध्यान रखा गया हैं, यहाँ काम करने वाले कर्मचारियों को भी शुद्धता का विशेष ध्यान देने का




निर्देश दिया गया है। स्टोर्स में पूजन की सारी सामग्रियां बाजार से कम मूल्य में उपलब्ध कराई गई है। इतना ही नहीं ग्राहकों के लिए कई ऑफर भी उपलब्ध कराए गए हैं। विशेष जोन पर मिट्टी का चूल्हा 125 रु., केला का घार 489 रु., सूप 70 रु., दौरा 160 रु., चावल, गेंहू, दूध - दही, गुड़, फल इत्यादि पूजा की सम्पूर्ण सामग्रियां उपलब्ध हैं।

## जिला में गंगा उत्सव धूमधाम से मनाया गया एवं दीपोत्सव का किया गया आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस

**जहानाबाद**। जल संसाधन विभाग नई दिल्ली एवं नगर विकास एवं आवास विभाग बिहार सरकार तथा जिला प्रशासन के तत्वावधान में नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत गंगा उत्सव का आयोजन किया गया। दरधा नदी के तट पर स्वच्छता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अपर समाहर्ता, ब्रजेश कुमार, उप विकास आयुक्त, धनंजय कुमार ,निदेशक, डी.आर.डी.ए,अनुमंडल पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, नमामि गंगे कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान से जुड़े अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी, खेल जगत से जुड़े प्रशंसक एवं खिलाड़ी तथा आम जनों ने भाग लिया। इस दौरान हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। रगबी के खिलाड़ी, उच्च विद्यालय अमैन के खेल के मैदान में जीत के लिए प्रतिस्पर्धा करते नजर आये। बालक एवं बालिकाओं दोनों के टीम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली टीम को उप विकास आयुक्त धनंजय कुमार के द्वारा शील्ड एवं



मेडल देकर सम्मानित किया गया। बालक एवं बालिका दोनों श्रेणियां में अमैन की टीम ने पंडूई की टीम पर विजय प्राप्त किया। गंगा उत्सव के अन्य कार्यक्रम में गांधी स्मारक इंटर विद्यालय में वाद विवाद, संगीत एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें, कला एवं संस्कृति पदाधिकारी चांदनी कुमारी के द्वारा प्रतियोगिता का आयोजन करते हुए विजेताओं का चयन किया गया तथा उन्हें सम्मानित भी किया गया। संगम घाट नगर परिषद में दीपोत्सव का भी आयोजन गंगा उत्सव के अवसर पर किया गया। इस कार्यक्रम की अगुवाई जिलाधिकारी ने किया।नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत गंगा एवं अन्य जल स्त्रोतों को स्वच्छ ,सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने अपील किया कि जल स्त्रोतों की स्वच्छता के महत्व को समझे एवं उन्हें निरंतर स्वच्छ, सुंदर बनाये रखने में जिला प्रशासन का सहयोग करें।

# बिहार में माता सीता ने पहली बार मुंगेर में छठ पूजा की थी

नई सोच एक्सप्रेस

**फतुहा**। भाजपा कार्यालय मां तारा उत्सव पैलेस गोविंदपुर फतुहा में भाजपा मीडिया प्रभारी डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि बिहार के मुंगेर में माता सीता ने पहली बार मुंगेर में की थी छठ पूजा,पद चिन्ह आज भी देते हैं इतिहास की गवाही। बिहार के जिस जिले से छठ महापर्व की शुरुआत हुई थी अब उनके घाटों पर व्रतियों की भीड़ उमड़ने लगी है। बिहार के मुंगेर जिला से छठ पर्व की शुरुआत हुई थी। धार्मिक मान्यता के अनुसार माता सीता ने सबसे पहले छठ पूजन मुंगेर के गंगा घाट पर किया था, जिससे बात बिहार में छठ महापर्व की शुरुआत हुई थी। कहा जाता है कि जब सीता माता रामचंद्र जी के साथ वनवास पर थी, तब इस ऐतिहासिक नगरी नगरी मुंगेर में सीता माता ने छठ पर्व शुरू किया था, वहां पर आज भी उनके चरण मौजूद है। बाल्मीकि रामायण के अनुसार ऐतिहासिक नगरी मुंगेर में मां सीता ने छह दिनों तक रहकर छठ पूजा की थी। श्री राम जब 14 साल वनमास के बाद अयोध्या लौटे थे तो रावण वध के पाप से मुक्त होने के लिए ऋषि मुनियों का आदेश पर छठ पूजा करने का फैसला लिया। इसके लिए मुग्दल ऋषि को आमंत्रण दिया गया था लेकिन मुग्दल ऋषि ने भगवान राम में




सीता को अपने ही आश्रम में आने का आदेश दिया। इसके बाद श्री राम और सीता यहां आए और उन्हें पूजा के बारे में बताया गया। मां सीता ने कार्तिक शुक्ल छठ को सूर्य देव की उपासना की और फिर पूजा संपन्न की। जिस जगह पर माता सीता ने छठ पूजा की वहां आज उनके चरण मौजूद है बाद में उसी जगह पर मंदिर बना दिया गया देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए आते हैं। वहां एक कुंड है जहां पर हर समय गर्म पानी बाहर आती रहती है। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री शोभा बेटी, भाजपा जिला नगर मंडल उपाध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा, दिनेश कुमार,रेखा शर्मा, भाजपा जिला मंत्री शोभा बेटी, सीमा बेटी, अमिषा बेटी,अंकुश कुमार ,अनीश कुमार, अभिषेक कुमार, पुजा कुमारी बेटी,शोभा बेटी , अनामिका पांड आदि मौजूद थे।

# स्विगी लिमिटेड का आईपीओ 06 नवंबर, 2024 को खुलेगा

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। स्विगी लिमिटेड (कंपनी), भारत का अग्रणी ऑन-डिमांड सुविधा प्लैटफ़ॉर्म, बुधवार, 06 नवंबर, 2024 को अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (ऑफ़र) खोलने का प्रस्ताव करती है। बोली/ऑफ़र बंद होने की तिथि शुक्रवार, 08 नवंबर, 2024 होगी। एंकर निवेशक बोली तिथि बोली/ऑफ़र खुलने की तिथि से एक कार्य दिवस पहले अर्थात मंगलवार, 05 नवंबर, 2024 है। ऑफर का प्राइस बैंड 371 प्रति इक्विटी शेयर से लेकर 390 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 38 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 38 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोलियाँ लगाई जा सकती हैं। इस ऑफर में 4,499 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों का एक नया इश्यू (ताजा इश्यू) और विक्रय शेयरधारकों द्वारा 175,087,863 इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव (बिक्री के लिए प्रस्ताव) शामिल है। इस ऑफर में पात्र कर्मचारियों द्वारा सब्सक्रिप्शन के लिए 1 रुपया फेस वैल्यू के 750,000 इक्विटी



शेयरों का आरक्षण शामिल है, जो कुल मिलाकर, मिलियन तक है, जो हमारी पोस्ट-ऑफर पेड-अप इक्विटी शेयर पूंजी (श्कर्मचारी आरक्षण हिस्साश्) के 5 प्रतिषत से अधिक नहीं है। कर्मचारी आरक्षण हिस्से को घटाने वाले ऑफर को आगे नेट ऑफर कहा जाता है। रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से पेश किए गए इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेड (बीएसइ) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) में सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। यह प्रस्ताव एससीआरआर के नियम 19(2)(बी) के साथ सेबी आईसीडीआर विनियमनों के विनियमन 31 के अनुसार है। यह ऑफर सेबी आईसीडीआर विनियमनों के विनियमन 6(2) के अनुपालन में बुक बिल्डिंग प्रक्रिया के माध्यम से किया जा रहा है, जिसमें शुद्ध ऑफर का कम से कम 75 प्रतिशत योग्य संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी और ऐसा हिस्सा क्यूआईबी हिस्सा) को आनुपातिक आधार पर आवंटन के लिए उपलब्ध होगा, बशर्ते कि हमारी कंपनी और विक्रय शेयरधारक, बीआरएलएम के परामर्श से, सेबी आईसीडीआर विनियमनों के अनुसार विवेकाधीन आधार पर एंकर निवेशकों को क्यूआईबी हिस्से का 60 प्रतिशत तक आवंटित कर सकते हैं (एंकर निवेशक हिस्सा), जिसमें से एक तिहाई घरेलू म्यूचुअल फंड के लिए आरक्षित होगा, जो कि सेबी आईसीडीआर विनियमनों के अनुसार, एंकर निवेशकों को इक्विटी शेयरों के आवंटन की कीमत (एंकर निवेशक आवंटन मूल्य) पर घरेलू म्यूचुअल फंड से वैध बोलियां प्राप्त होने के अधीन होगा। एंकर निवेशक हिस्से में कम सब्सक्रिप्शन या गैर-आवंटन की स्थिति में, शेष इक्विटी शेयरों को क्यूआईबी हिस्से (एंकर निवेशक हिस्से को छोड़कर) (नेट क्यूआईबी हिस्सा) में जोड़ा जाएगा। इसके अलावा, नेट क्यूआईबी हिस्से का 5 प्रतिषत हिस्सा केवल म्यूचुअल फंड्स को आनुपातिक आधार पर आवंटन के लिए उपलब्ध होगा और नेट क्यूआईबी हिस्से का शेष हिस्सा म्यूचुअल फंड्स सहित सभी क्यूआईबी (एंकर निवेशकों को छोड़कर) को आनुपातिक आधार पर आवंटन के लिए उपलब्ध होगा, बशर्ते कि ऑफर मूल्य पर या उससे ऊपर वैध बोलियां प्राप्त हों। यदि नेट ऑफर का कम से कम 75 प्रतिशत हिस्सा क्यूआईबी को आवंटित नहीं किया जा सकता है, तो पूरी बोली राशि (जैसा कि इसके बाद परिभाषित किया गया है) तुरंत वापस कर दी जाएगी। हालांकि, अगर म्यूचुअल फंड से कुल मांग नेट क्यूआईबी हिस्से के 5 प्रतिशत से कम है, तो म्यूचुअल फंड हिस्से में आवंटन के लिए उपलब्ध शेष इक्विटी शेयरों को क्यूआईबी को आनुपातिक आवंटन के लिए शेष क्यूआईबी हिस्से में जोड़ा जाएगा। इसके अलावा, शुद्ध प्रस्ताव का 15 प्रतिशत से अधिक हिस्सा गैर-संस्थागत बोलीदाताओं (एनआईबी) को आवंटित करने के लिए उपलब्ध नहीं होगा, जिसमें से (ए) एक तिहाई हिस्सा 200,000 से अधिक और 1,000,000 तक के आवेदन आकार वाले एनआईबी के लिए आरक्षित होगा; और (बी) दो-तिहाई हिस्सा 1,000,000 से अधिक के आवेदन आकार वाले एनआईबी के लिए आरक्षित होगा, बशर्ते कि ऐसे किसी भी उप-श्रेणी में सदस्यता समाप्त हिस्सा सेबी आईसीडीआर विनियमों के अनुसार एनआईबी की अन्य उप-श्रेणी में बोलीदाताओं को आवंटित किया जा सकता है, बशर्ते कि प्रस्ताव मूल्य से ऊपर वैध बोलियां प्राप्त हों और शुद् प्रस्ताव का 10 प्रतिशत से अधिक हिस्सा सेबी आईसीडीआर विनियमों के अनुसार खुदरा व्यक्तिगत बोलीदाताओं (आरआईबी) को आवंटन के लिए उपलब्ध होगा। इसके अलावा, इक्विटी शेयर कर्मचारी आरक्षण हिस्से के तहत आवेदन करने वाले पात्र कर्मचारियों को आनुपातिक आधार पर आवंटित किए जाएंगे, बशर्ते कि उनसे ऑफर मूल्य पर या उससे ऊपर वैध बोलियां प्राप्त हों। कोटक महिंद्रा कैपिटल कंपनी लिमिटेड, जे.पी. मॉर्गन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, बोफा सिक्योरिटीज इंडिया लिमिटेड, जेफरीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड और एवेंडस कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड इस ऑफर के बुक रनिंग लीड मैनेजर्स (बुक रनिंग लीड मैनेजस या बीआरएलएम) हैं। यहां इस्तेमाल किन्तु परिभाषित नहीं किए गए शब्दों का वही अर्थ होगा जो आरएचपी में परिभाषित शब्दों को दिया गया है।

## छठ पूजा के लिए फैबइंडिया ने पेश किए 5 शानदार परिधान

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। फैबइंडिया ने छठ पूजा को लेकर 5 नए परिधान पेश किए हैं। इन नए परिधानों में कॉटन सिल्क में बुनी नीले रंग की साड़ी, मस्टर्ड सिल्क ब्लेंड में बुनी साड़ी, गुलाबी कॉटन ब्लेंड में हाथ से बुनी साड़ी, वाईन कॉटन सिल्क ब्लेंड में बुना लम्बा कुर्ता, पीला कॉटन सिल्क ब्लेंड में बुना लंबा कुर्ता शामिल है। कॉटन सिल्क चंदेरी फैब्रिक में बनी साड़ी बेहतरीन शेड और खूबसूरत फ्लोरल डिज़ाइन में, कंट्रास्ट बॉर्डर के साथ डिज़ाइन की गई है, आकर्षक पल्लु में दिए गए टैसल्स इसकी खूबसूरती को कई गुना बढ़ा देते हैं। वाईन कलर में घुटनों तक लंबाई वाला का कॉटन सिल्क ब्लेंड कुर्ता त्योहारों के जश्न को और भी रंगीन बना देगा। इसका रिच वाईन कलर और स्लीक डिज़ाइन, पारम्परिक परिधान को आधुनिक बनाता है। पीले कॉटन सिल्क ब्लेंड के घुटनों तक लंबे कुर्ते के



साथ लोग अपने त्योहारों के लुक में चार-चांद लगा सकते हैं। इसका वाइब्रेंट पीला रंग छठ के जश्न को रंगीन बना देगा।

## उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक ने कल्याणपुर में नए आउटलेट के साथ बिहार में अपनी उपस्थिति मजबूत की

नई सोच एक्सप्रेस

**कल्याणपुर, बिहार**। बिहार के कल्याणपुर में नए बैंकिंग आउटलेट का शुभारंभ, जिससे राज्य में बैंकिंग आउटलेट की कुल संख्या 237 और देश भर में बैंकिंग आउटलेट की संख्या 983 हो गई। बैंक का लक्ष्य क्षेत्र में वंचित व्यक्तियों को जेएलजी मॉडल के माध्यम से माइक्रो-बैंकिंग ऋण सहित वित्तीय सेवाएं प्रदान करना है। स्थानीय समुदाय के लिए बचत, व्यवसाय विस्तार और निवेश लक्ष्यों का समर्थन करते हुए वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की एक श्रृंखला पेश की जाएगी। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड को कल्याणपुर, बिहार में अपने नए बैंकिंग आउटलेट के शुभारंभ की




घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। यह नया आउटलेट वित्तीय समावेशन को गहरा करने और क्षेत्र के निवासियों के लिए आवश्यक बैंकिंग सेवाओं तक आसान पहुँच प्रदान करने के बैंक के चल रहे मिशन को दर्शाता है। कल्याणपुर आउटलेट के शुभारंभ के साथ, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के अब बिहार में 237 बैंकिंग आउटलेट और पूरे भारत में 983 बैंकिंग आउटलेट संचालित करता है। कल्याणपुर के निवासियों को बचत खाते, चालू खाते, सावधि जमा और आवर्ती जमा सहित कई वित्तीय सेवाओं तक पहुँच प्राप्त होगी। इसके अलावा, आउटलेट विभिन्न ऋण उत्पाद जैसे आवास ऋण, व्यवसाय ऋण, संपत्ति के विरुद्ध ऋण और अन्य ऋण, बीमा और निवेश सेवाएँ प्रदान करेगा। बैंक का लक्ष्य अपने ग्राहकों को निर्बाध सेवा प्रदान करने के लिए अपने भौतिक बुनियादी ढाँचे को डिजिटल बैंकिंग समाधानों के साथ जोड़ना है। इस अवसर पर, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री गोविंद सिंह ने कहा, "कल्याणपुर में हमारे नए बैंकिंग आउटलेट का उद्घाटन बिहार की विविध वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कृषि और छोटे व्यवसायों के अपने जीवंत मिश्रण के साथ कल्याणपुर में आर्थिक विकास की अपार संभावनाएँ हैं। जेएलजी मॉडल के माध्यम से बैंकिंग सेवाओं और माइक्रो-बैंकिंग ऋणों तक पहुँच बढ़ाकर, हमारा उद्देश्य व्यक्तियों और उद्यमियों को सशक्त बनाना है, उन्हें वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने और क्षेत्र की समृद्धि में योगदान करने में मदद करना है।" उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड माइक्रो-बैंकिंग ऋण (जेएलजी ऋण), एमएसएमई ऋण (MSME Loan), आवास ऋण और संपत्ति के विरुद्ध ऋण के माध्यम से वंचित वर्गों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध है। जेएलजी मॉडल समूह ऋण को बढ़ावा देता है, व्यक्तियों को बिना किसी संपार्श्विक के ऋण तक पहुँच प्रदान करता है, जबकि आपसी सहयोग के माध्यम से ऋण अनुशासन को बढ़ावा देता है। ग्राहक शाखा में जाए बिना बैंक के टैबलेट-आधारित डिजी ऑन-बोर्डिंग मॉडल के माध्यम से आसानी से खाते खोल सकते हैं। बैंकिंग सेवाएँ इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई और माइक्रो एटीएम सहित कई चैनलों के माध्यम से भी सुलभ हैं

## भारत की आर्थिक बदहाली

असल मुद्दा यह है कि आखिर भारतीय अर्थव्यवस्था में बाहरी कारोबार से प्रतिस्पर्धा एवं मुनाफा देने की क्षमता इतनी कमजोर क्यों बनी हुई है? इस प्रश्न का ठोस उत्तर नहीं ढूंढा गया, तो भारत की आर्थिक बदहाली बढ़ती ही जाएगी। भारतीय अर्थव्यवस्था की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता इतनी कमजोर क्यों है कि हर व्यापार मुकाबले में वह पिट जाता है? देश सही दिमागी हालत में हो तो इस सवाल से उसकी नींद उड़ जानी चाहिए। बहुपक्षीय मुक्त व्यापार समझौतों से भारत को नुकसान की आशंका से ग्रस्त नरेंद्र मोदी सरकार ने क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक पार्टनरशिप (आरसीईपी) करार से अंतिम मौके पर खुद को अलग कर लिया था। तब हौव्वा बनाया गया कि ऐसा समझौते में शामिल अन्य देशों के रास्ते चीन की उत्पादों डंपिंग से बचने के लिए किया गया। उसके बाद मोदी सरकार ने द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौतों का रास्ता अपनाया। यूएई, ऑस्ट्रेलिया, यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन आदि से ऐसे करार हुए। ब्रिटेन सहित कई देशों से द्विपक्षीय समझौते पर बातचीत चल रही थी। मगर अब अचानक सरकार ने ऐसी सभी वार्ताओं पर विराम लगाने का फैसला किया है। वजह हाल के वर्षों में हुए सभी ऐसे समझौतों से भारत को हो रहे बड़े व्यापार घाटे को बताया गया है। साथ ही सरकार ने 2010 में आसियान से हुए करार का भी जिक्र किया है, जिसकी वजह से भारत को लगातार व्यापार घाटा हुआ है। कहा जाता है कि उसके परिणामस्वरूप कई भारतीय कारोबार तबाह हो गए। मोदी सरकार ने आसियान से कई बार इस समझौते पर पुनर्विचार को कहा है, जिसे उसे स्वीकार नहीं किया है। इस बीच यूएई से हुए बहुचर्चित करार के बारे में सामने आया है कि इस वित्त वर्ष की पहली छमाही में वहां से आयात 52 फीसदी बढ़ा, जबकि निर्यात में सिर्फ 11.45 प्रतिशत का इजाफा हुआ। इसके अतिरिक्त एक नई चिंता यह पैदा हुई है कि इन समझौतों के कारण भारतीय निवेशकों को वहां जाकर निवेश करने के अवसर मिले हैं, जिसका वे खूब लाभ उठा रहे हैं। जबकि भारत को खुद बड़े निवेश की आवश्यकता है। यानी नुकसान ही नुकसान! तो अब खुशफहमियों से निकलने की जरूरत है। असल मुद्दा यह है कि आखिर भारतीय अर्थव्यवस्था में बाहरी कारोबार से प्रतिस्पर्धा एवं मुनाफा देने की क्षमता इतनी कमजोर क्यों बनी हुई है? इस प्रश्न का ठोस उत्तर नहीं ढूंढा गया, तो भारत की आर्थिक बदहाली बढ़ती ही जाएगी।

## आतंकवाद वर्तमान विश्व की एक बड़ी समस्या

एक हालिया पॉडकास्ट में बात करते हुए शिंदे ने कहा, उस समय रिकॉर्ड पर जो आया था, उन्होंने वही कहा था। यह उनकी पार्टी (कांग्रेस) ने उन्हें बताया था कि भगवा आतंकवाद हो रहा। उस समय पूछा गया था तो बोल दिया था भगवा आतंकवादज् यह गलत था। इसी पॉडकास्ट में शिंदे, दिसंबर 2001 के संसद आतंकवादी हमले के दोषी और फांसी पर लटकाए जा चुके जिहादी अफजल गुरु को आतंकी कहने से बचते भी नजर आए। मिथक हिंदू/भगवा आतंकवाद सिद्धांत कितनी बड़ी साजिश थी, उसका फिर खुलासा पूर्व केंद्रीय गृहमंत्री सुशील कुमार शिंदे के एक दावे से हो जाता है। एक हालिया पॉडकास्ट में बात करते हुए शिंदे ने कहा, उस समय रिकॉर्ड पर जो आया था, उन्होंने वही कहा था। यह उनकी पार्टी (कांग्रेस) ने उन्हें बताया था कि भगवा आतंकवाद हो रहा। उस समय पूछा गया था तो बोल दिया था भगवा आतंकवादज् यह गलत था। इसी पॉडकास्ट में शिंदे, दिसंबर 2001 के संसद आतंकवादी हमले के दोषी और फांसी पर लटकाए जा चुके जिहादी अफजल गुरु को आतंकी कहने से बचते भी नजर आए। यह किसी से छिपा नहीं है कि कांग्रेस में पार्टी का अर्थ गांधी परिवार (सोनिया-राहुल-प्रियंका) है। यह चिंतन उस मानसिकता की उपज है, जिसमें इस्लामी आतंकवाद को प्रत्यक्ष-परोक्ष रूप से जायज ठहराने के लिए हिंदू आतंकवाद रूपी छलावा खड़ा किया गया था। इस साजिश में वामपंथियों और कट्टरपंथी मुस्लिमों के साथ कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व भी शामिल था। शिंदे के हालिया कबूलनामे से वह कड़वा सच भी एकाएक ध्यान में आता है कि ज्ञान-विज्ञान और पराक्रम जैसे गुणों से सुशोभित होते हुए भी भारत मध्यकाल में लगभग 600 वर्षों तक मुस्लिम और फिर 200 सालों तक अंग्रेजों के अधीन क्यों हो गया था। इतिहास साक्षी है कि यदि व्यक्तिगत खुन्नस के कारण जयचंद, पृथ्वीराज चौहान को धोखा नहीं देता, तो विदेशी आक्रांता मुहम्मद गौरी नहीं जीतता। इसी तरह यदि शाह वलीउल्लाह मराठाओं के खिलाफ अफगान अब्दाली को भारत नहीं बुलाता और प्लासी की लड़ाई में मीर जाफर यदि सिराजुद्दौला को न छलता, तो भारत में अंग्रेजी साम्राज्य संभवतः स्थापित ही नहीं होता। कांग्रेस नीत यूपीए (वर्तमान आईएनडीआईए) कार्यकाल में उसी काले इतिहास को दोहराया गया था। व्यक्तिगत, राजनीतिक और वैचारिक विरोध के चलते हिंदू/भगवा आतंकवाद शब्दावली की रचना कर दुनिया में भारत, हिंदू समाज, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भाजपा और अन्य संगठनों को कलंकित करने का जाल बुना गया। इसकी जड़े 1993 के मुंबई श्रृंखलाबद्ध (12) बम धमाके में मिलती है, जिसमें 257 निरपराध मारे गए थे। तब महाराष्ट्र के तत्कालीन कांग्रेसी मुख्यमंत्री शरद पवार ने आतंकियों की मजहबी पहचान और उद्देश्य से ध्यान भटकाने हेतु झूठ गढ़ दिया कि 13वां धमाका मस्जिद के पास हुआ था। यह प्रत्यक्ष-परोक्ष रूप से हिंदुओं को आतंकवाद से जोडऩे का प्रयास था। इसी चिंतन को यूपीए-काल (2004-14) में राहुल गांधी के साथ पी।चिदंबरम और सुशील कुमार शिंदे ने बतौर केंद्रीय गृहमंत्री आगे बढ़ाया था। हद तो तब हो गई, जब कांग्रेसी नेता दिग्विजय सिंह ने वर्ष 2008 के भीषण मुंबई 26/11 आतंकवादी हमले के पीछे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का हाथ बता दिया। यहां तक, दिग्विजय ने इसी हमले में जिहादियों की गोलियों के शिकार हुए मुंबई आतंक निरोधक दस्ते के तत्कालीन प्रमुख हेमंत करकरे की मौत को हिंदूवादी संगठनों से जोडऩे का प्रयास किया था। इस संबंथ में तब पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा हाथों में पवित्र कलावा/मौली को आधार बनाकर कई समाचारपत्रों में आलेख तक प्रकाशित हुए थे। सोचिए, यदि आतंकी कसाब और डेविड हेडली (दाऊद सैयद गिलानी) के जीवित नहीं पकड़े जाते, तो क्या होता? वास्तव में, यह हिंसा-घृणा के पीड़ितों को अपराधी और दोषियों को मासूम बताने की सेकुलरवादी (लेफ्ट-लिबरल सहित) साजिश है। 14 फरवरी 1998 को कोयंबटूर में श्रृंखलाबद्ध 12 बम धमाकों हुए थे, जिसमें 58 बेकसूरों की मौत हो गई। आतंकवादियों का मुख्य निशाना भाजपा के शीर्ष नेता लालकृष्ण आडवाणी थे, जिन्हें तब चुनाव प्रचार के हेतु कोयंबटूर आना था। परंतु विमान परिचालन में देरी से उनकी जान बच गई। तब कांग्रेस के तत्कालीन शीर्ष नेतृत्व ने न केवल इन बम धमाकों का आरोप संघ पर लगा दिया, बल्कि यहां तक कह दिया— अगर बम भाजपा के अलावा किसी और ने लगाया होता, तो ऐसा करने वाले ने निश्चित रूप से आडवाणी को मार देते।

# यूपी उपचुनाव में साइकिल पंचर होगी या रफ्तार पकड़ेगी ?



आरती कुमारी

यूपी उपचुनाव समाजवादी पार्टी के लिए किसी अग्नि परीक्षा से कम नहीं है क्योंकि उसकी सहयोगी कांग्रेस रणछोड़ साबित हुई है। वह सपा के साथ है क्योंकि तस्वीरों में दिख रही है, बयानों में झलक रही है लेकिन वह दिल से सपा के साथ नहीं है क्योंकि यूपी उपचुनाव की 9 सीटों में से सपा द्वारा ऑफर की हुई महज 2-3 सीटें लड़ना कांग्रेस को गंवारा नहीं था। शायद इसलिए कि उसके नेता राहुल गांधी के पास राजनैतिक विरासत और सियासी महत्वाकांक्षा की वह अचल पूंजी है जो पूरी यूपी जीतकर भी अखिलेश यादव और उनकी समाजवादी पार्टी हासिल नहीं कर सकती और ऐसा करना भी उसके लिए असंभव है। यह सपा की रणनीतिक खामियों का ही तकाजा है कि वह यूपी की चौखट से बाहर अपने पांव नहीं जमा पाई और यहां पर भी उसकी कोई जीत स्थायी नहीं रह पाई। वह इस बात को भी समझने के लिए तैयार नहीं है कि सूबाई राजनीति में बसपा और राष्ट्रीय राजनीति में कांग्रेस के बिना उसका कोई वजूद नहीं समझा जाएगा भले ही वह देश की तीसरी बड़ी पार्टी क्यों नहीं बन गई हो। भाजपा से वह सियासी सम्बन्ध बना नहीं सकती क्योंकि उसका एमवाई समीकरण टूट जाएगा। अभी वह जिस पीडीए (पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक) का दम्भ भर रही है, वह तभी तक सार्थक प्रतीत होगा जबतक कि कांग्रेस का वरदहस्त उसके ऊपर रहेगा। उसे यह सोचना चाहिए कि उसके बाद अस्तित्व में आई आम आदमी पार्टी की दो राज्यों में सरकार है, जबकि यूपी की सत्ता में कई बार आकर भी वह आज बेदखल है। वह समाजवादी मूल की राष्ट्रीय व प्रादेशिक धड़ों को आजतक एकजुट नहीं कर पाई है जिससे कांग्रेस से दो टूक बातचीत करने लायक बने। बहुत कम लोगों को पता होगा कि लोकसभा चुनाव के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अपनी सहयोगी कांग्रेस के नेताओं से ऑफ द रिकॉर्ड कहा था कि आप धन्यवाद यात्रा अविलंब रोक दें क्योंकि यूपी के कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में लोकसभा प्रत्याशियों द्वारा चालू की उस यात्रा में सवर्ण ज्यादा सक्रिय थे, ओबीसी-दलित-अल्पसंख्यक कम, जबकि वहीं गठबंधन के मुख्य वोटर रहे हैं। गौर करने वाली बात यह है कि अखिलेश यादव व उनके समर्थकों ने तब दबी जुबान में कहा था कि सवर्णों ने उन्हें वोट नहीं दिया है। यह बात कांग्रेस नेताओं को नागवार गुजरी थी क्योंकि भाजपा की ओबीसी राजनीति से निराश सवर्णों ने कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन को रणनीतिक रूप से थोक भाव में वोट दिया था। हां, इस समझदार वर्ग ने कांग्रेस गठबंधन के उन नेताओं को वोट नहीं दिया जो अल्पसंख्यक, दलित और ओबीसी राजनीति के लिए स्थानीय तौर पर बदनाम हैं और सवर्ण विरोधी राजनीति करते हैं। वहीं, यूपी के ओबीसी, दलित और अल्पसंख्यक मतदाताओं ने कांग्रेस और सपा के सवर्ण नेताओं का साथ नहीं दिया अन्यथा कांग्रेस के सवर्ण नेता व सपा के सवर्ण नेता हारते नहीं। इसी वजह से यूपी में कांग्रेस-सपा गठबंधन को अपेक्षित सफलता नहीं मिली। फिर भी योगी की भाजपा के मुकाबले सपा-कांग्रेस गठबंधन का लगभग आधा सीट यानी 40 से ज्यादा जीत लेना किसी चमत्कार से कम नहीं था। इसलिए अखिलेश यादव में भी राजनीतिक घमंड पुनः आ गया। बता दें कि इसी राजनीतिक घमंड के चलते उनके पिता और पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव, जो सपा के संस्थापक थे, का राजनीतिक पतन हुआ था। उनके पुत्र अखिलेश यादव को 2012-17 तक यूपी का मुख्यमंत्री बनने का सौभाग्य मिला था लेकिन सत्तागत घमंड और पारिवारिक अंतर्कलह से न तो 2017 में उनकी पुनर्वापसी हो सकी और न ही 2022 को वो जीत पाए। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भी उनका प्रदर्शन ठीक नहीं रहा। राजनीतिक विश्लेषक बताते हैं कि 2022 के विधानसभा चुनाव में भी सपा ने कांग्रेस से गठबंधन कर लिया होता तो आज उसी तरह से सत्ता में होती जैसे कि लोकसभा चुनाव 2024 में सफल हुई लेकिन अब फिर यूपी उपचुनाव 2024 में अखिलेश यादव ने यूपी में कांग्रेस को कमतर आंकने की कोशिश की है जो उन पर भारी पड़ेगी। कांग्रेस सूत्र बताते हैं कि अखिलेश यादव यदि कांग्रेस प्लस इंडिया गठबंधन के प्रति सहज होते तो कांग्रेस उन्हें महत्व देती लेकिन उनकी वजह से कांग्रेस न तो बसपा को जोड़ पाई और न ही रालोद उनके साथ जुड़ा रहा। इसलिए 2024 में पार्टी की बनी बनाई बिखर गई। यूपी-बिहार में उसे अपेक्षित सफलता नहीं मिली। यही वजह है कि कांग्रेस ने सपा को मध्यप्रदेश से लेकर हरियाणा तक नजरअंदाज किया। वहीं, यूपी में 9 में से 4-5 सीटें मांगकर और नहीं मिलने पर सियासी रूप से रणछोड़ की मुद्रा अख्तियार कर कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें इस बात का संकेत दे दिया है कि यूपी उपचुनाव परिणाम 2024 ही तय करेगा कि 2027 का सत्ताधीश कौन होगा और कांग्रेस लगभग 50 प्रतिशत सीटें मांगेगी या लोकसभा चुनाव 2024 की तरह विधानसभा चुनाव 2027 में भी जो सपा देगी, उसी से संतुष्ट रह जायेगी। जानकार बता रहे हैं कि कांग्रेस को यदि यूपी-बिहार में जमना है तो सपा और राजद की हठधर्मिता के आगे घुटने नहीं टेकने होंगे बल्कि इनसे आगे की ओर सोचना होगा! चूंकि कांग्रेस को लोग भाजपा के विकल्प के रूप में देखते और विचारते हैं, इसलिए राष्ट्रीय मुद्दों व क्षेत्रीय मुद्दों पर उसे अपने प्रगतिशील विचार रखने होंगे जो कि अब तक नहीं रख पाई है। कड़वा सच यह भी है कि जवाहरलाल नेहरू और इन्दिरा गांधी के मुकाबले राजीव गांधी और राहुल गांधी पार्टी के कमजोर नेता इसलिए प्रतीत हुए क्योंकि इनकी गलत नीतियों की वजह से ही क्षेत्रीय दल इन पर हावी हो गए। वहीं, पीवी नरसिम्हा राव से लेकर मनमोहन सिंह ने अपनी सत्ता के लिए कांग्रेस को जो पराधीन बनाने की भूल की, उससे भाजपा को एक मजबूत राजनीतिक जमीन मिल गई। ऐसा इसलिए कि भारतीय मतदाता राष्ट्रवादी और प्रगतिशील सोच रखते हैं जबकि क्षेत्रीय दल क्षुद्र जातीय व साम्प्रदायिक सोच-समीकरण जिससे पहले कांग्रेस परेशान रही और अब भाजपा। भारत के चुनावी इतिहास की यह कड़वी हकीकत है कि जाति-धर्म-क्षेत्र आपको क्षणिक लाभ दे सकते हैं लेकिन जब इनका आपसी टकराव बढ़ेगा तो यही आपको डुबो भी सकते हैं। यह कौन नहीं जानता कि केंद्र की सत्ता तक पहुंचने वाली पहली गैर कांग्रेस पार्टी, जनता पार्टी (1977), जनता दल (1989), संयुक्त मोर्चा (1996) के उत्थान-पतन में जातीय, क्षेत्रीय और साम्प्रदायिक राजनीति की बड़ी भूमिका रही है। वहीं, कांग्रेस के लिए सुकून की बात यह है कि भाजपा उसकी टू कॉपी बनती जा रही है, इसलिए देर-सबेर कांग्रेस केंद्रीय सता में लौटेगी ही। लेकिन अपनी मौजूदा सोच-समझ ने नहीं, क्योंकि इसी वजह से तो कांग्रेस पतनोन्मुख हुई। कांग्रेसी रणनीतिकारों की समझदारी अब इसी बात में है कि वह तुष्टीकरण की राजनीति छोड़कर समावेशी विकास हेतु सुव्यवस्था, जनता की सर्वकालिक सुरक्षा और रणनीतिक सहनशीलता को मुद्दा बनाकर भारतीय संविधान और नियम-कानूनों पर सर्जिकल स्ट्राइक करने की नीतिगत घोषणा करें, जिसकी शुरुआत राहुल गांधी ने यह कहकर कर दी है कि सत्ता में आये तो आरक्षण भी हटा सकते हैं। भारतीय संविधान और नियम-कानूनों पर सर्जिकल स्ट्राइक इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि एक ओर जहां कुछ नियम-कानून पूंजीपतियों के हित में ज्यादा झुका दिए गए हैं, वहीं कुछ कानून ओबीसी, दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यक वर्ग के हित में ज्यादा झुके हुए हैं। इससे समावेशी विकास की अवधारणा कुंद हो रही है। इससे देश को उबारने की जो कोशिश करेगा, वही देश में एक और मजबूत सियासी बदलाव का वाहक बनेगा। रही बात यूपी उपचुनाव की तो अखिलेश यादव और सपा की डगर इसलिए कठिन है कि योगी आदित्यनाथ अब उपमुख्यमंत्री के पी मौर्य की चाल समझ चुके हैं और उसकी काट के तौर पर अमित शाह से कोई समझौता करने के मूड में नहीं हैं, यह बात आरएसएस प्रमुख तक को बता चुके हैं। इससे पीएम मोदी भी सहमत हैं। टिकट वितरण में यह बात स्पष्ट दिखाई पड़ी है। भाजपा ने भी डीपीए यानी दलित, पिछड़ा और अगड़े की चाल चल दी है। इसलिए सवर्ण वोटर अब इंडिया गठबंधन से दूर रहेंगे। क्योंकि सपा ने टिकट वितरण में उन्हें तवज्जो नहीं दी है। कांग्रेस का नकारात्मक संदेश मीडिया के माध्यम से उनके पास पहुंच चुका है। इसलिए अब देखना है कि पीडीए के बल पर यूपी में सपा कितनी सियासी उछलकूद कर पाएगी, या फिर 27 का सत्ताधीश कांग्रेस के इशारे पर 2027 में भी थिरकने को मजबूर होगा। कांग्रेस आज भी सपा से ज्यादा बसपा को पसंद करती है, लेकिन मायावती की हठधर्मिता से वह सपा के साथ जाने को मजबूर हुई है। इसलिए यह मजबूरी का गठबंधन इससे ज्यादा मजबूत कभी नहीं होगा, यही सियासी हकीकत है। वहीं, बटेंगे तो कटेंगे जैसा योगी का नारा यूपी उपचुनाव पर पूरा असर डालेगा, ऐसा राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है। इसलिए सायकिल को पंचर करने में हाथ की कितनी भूमिका होगी, सवर्ण और अल्पसंख्यक मतदाताओं का मूड तय करेगा। क्योंकि पहली बार बसपा भी मजबूती से उपचुनाव लड़ रही है, इसलिए दलित मतों का बिखराव तय है। इसके बिखरते ही साइकिल पंचर होगी और हाथ वाली पार्टी कांग्रेस को इसे बनाने को कहेगी। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी तो यही हुआ था। बुआ-बबुआ को एक घाट पर पानी पिलाने में कांग्रेस पिछड़ गई और उसका हाथ मचक गया! इससे सियासी दर्द रह रह कर उसे महसूस होती है पर दवा फिलहाल तो नदारत है।

# कनाडा में भी लगे 'जय श्री राम' और ' कटेंगे तो बटेंगे के नारे '

अशोक भाटिया , मुंबई

कनाडा के ब्रैम्पटन के हिंदू सभा मंदिर के बाहर लोग जुट रहे हैं। इन लोगों के हाथों में भारत के झंडे हैं, कुछ लोगों के हाथों में भगवा झंडे भी नजर आ रहे हैं। लोग 'जय श्री राम' और ' कटेंगे तो बटेंगे के नारे ' के नारे लगा रहे हैं। इन लोगों में बेहद गुस्सा है। मंदिर के बाहर जुटे लोगों की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भी किये गए हैं। इस मंदिर के बाहर ही खालिस्तानियों ने हिंदू श्रद्धालुओं पर लाठियां चलाई थीं, उन्हें दौड़ा-दौड़ाकर पीटा था। इन घटना को लेकर भारत में भी काफी रोष नजर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कनाडा में मंदिर के बाहर हिंदुओं पर हुए हमले की निंदा की और इसे 'जानबूझकर किया गया हमला' करार दिया। ब्रैम्पटन के हिंदू सभा मंदिर के बाहर प्रदर्शन कर रहे कुछ लोग खालिस्तान मुर्दाबाद के नारे भी लगा रहे हैं। कनाडा के इतिहास में शायद पहली बार किसी हिंदू मंदिर में इस तरह खालिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगे हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि हिंदुओं में इस घटना को लेकर कितना गुस्सा है, जो इस रूप में बाहर आ रहा है। इससे पहले सोमवार को भी मंदिर के बाहर सैकड़ों श्रद्धालु जुटे और 'जय श्रीराम' और 'बटेंगे तो कटेंगे' के नारे लगाए। भारत के मोस्ट वॉन्टेड आतंकियों के सुरक्षित पनाहगाह के तौर पर उभरे कनाडा में दंगाइयों ने हिंदू मंदिरों को निशाना बना रहे है। श्रद्धालुओं पर हमले किए जा रहे हैं। भारतीय राजनयिकों पर हमले की कोशिश की है। जस्टिन ट्रूडो की सरकार भारतीय राजनयिकों की निगरानी कर रही है। उनकी जासूसी कर रही है। कनाडाई आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद ट्रूडो ने भारत पर बेतुके आरोप लगाए। तब से दोनों देशों के रिश्ते गर्त में पहुंच चुके हैं। अब हिंदू मंदिरों पर ट्रूडो सरकार के पाले गुंडों और दंगाइयों के हमले ने लक्ष्मण रेखा पार कर दी है। यहाँ पंजाब में सत्ताधारी आम आदमी पार्टी सरकार पर खालिस्तानियों को अपरोक्ष रूप से सपोर्ट करने का आरोप लगते रहे हैं। पर जिस तरह पंजाब सरकार लगातार कनाडा में खालिस्तानियों को लेकर हुई घटनाओं पर आंख मूंदे हुए है वो उन आरोपों की पुष्टि कर रहे हैं जो अब तक उन पर लगता रहा है। पंजाब सरकार भारत-कनाडा विवाद पर टिप्पणी करने से इनकार करती रही है। अब भारत और कनाडा को लेकर लगातार माहौल खराब हो रहा के बावजूद पंजाब सरकार की रहस्यमय चुप्पी समझ से परे है। जबकि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार से पहले कैप्टन अमरिंदर सिंह की कांग्रेस सरकार ने इस तरह कभी भी कट्टरपंथियों के आगे हाथ नहीं डाले थे। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अभी तक इस मुद्दे पर कोई बयान नहीं दिया है। कनाडा में निज्जर हत्याकांड के बाद वहां के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो जिस तरह से अपनी राजनीति चमकाने के नाम पर लगातार भारत को टार्गेट कर रहे हैं, जिस तरह वहां हिंदुओं को बार-बार खालिस्तानी उग्रवादी टार्गेट कर रहे हैं उसके चलते एक बार फिर पंजाब अशांति की ओर जा सकता है। पिछले महीने इंडियन एक्सप्रेस में छपी एक खबर की माने तो पंजाब सरकार के कुछ मंत्रियों ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, हालांकि एक ने कहा कि पार्टी ने इस मुद्दे पर अपना रुख स्पष्ट नहीं किया है। गौरतलब है कि पिछले साल सितंबर में जब दोनों देशों के बीच संबंध पहली बार तनावपूर्ण हुए थे और कनाडाई संसद में ट्रूडो ने यह दावा किया था कि भारत का जून 2023 में सरे में हुई निज्जर की हत्या में हाथ था। तब मान को विपक्ष ने इस मुद्दे पर चुप्पी साधने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा था। पर इस बीच जब मामला और गंभीर होता जा रहा है तब भी पंजाब सरकार की चुप्पी संदेहास्पद होती जा रही है। AAP सरकार की चुप्पी पर पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने इसे लेकर पार्टी पर निशाना साधा था कि पार्टी ने कनाडा विवाद पर एक शब्द भी नहीं कहा। कांग्रेस नेता सुखपाल सिंह खैरा ने मुख्यमंत्री से सवाल किया था कि मान दावा करते हैं कि वह पंजाब के 3 करोड़ लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं, लेकिन उन्होंने इस मुद्दे पर एक शब्द भी नहीं कहा, जो कनाडा में रहने वाले लाखों पंजाबी, खासकर युवाओं को प्रभावित करता है। माना जाता है कि AAP को NRI समुदाय का समर्थन प्राप्त है। 2017 के विधानसभा चुनावों के प्रचार में बड़ी संख्या में प्रवासी समुदाय के लोगों ने पंजाब में आकर पार्टी को बैकअप दिया था। हालांकि, उस समय AAP चुनाव हार गई थी, केवल 117 में से 20 सीटें जीत पाई थी। 2022 में, AAP ने फिर से चुनाव लड़ा और 91 सीटें जीतकर सत्ता में आई, जिसमें फिर से NRI समुदाय का समर्थन मिला था।कहा गया कि AAP को समर्थन देने वालों में अधिकतर खालिस्तानियों समर्थक हैं। तो क्या इस जनसमर्थन के चलते आम आदमी पार्टी के नेता कनाडा विवाद पर कुछ भी बोल नहीं रहे हैं। सवाल उठता है कि जब पंजाब में रही कांग्रेस सरकार और पंजाब की स्थानीय सीपीआई इकाई दोनों हमेशा से जस्टिन ट्रूडो के खिलाफ बयान देते रहे हैं तो फिर आम आदमी पार्टी इस संबंध में क्यों मुंह छिपा रही है। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और अब वरिष्ठ भाजपा नेता अमरिंदर सिंह हमेशा से कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो पर भारत-कनाडा संबंधों को बर्बाद करने का आरोप लगाते रहे हैं। जब वो पंजाब में कांग्रेस सरकार के मुखिया तब भी उनके विचार में कोई अंतर नहीं था। अमरिंदर सिंह कहते हैं कि ट्रूडो ने भारत और कनाडा के रिश्ते को बर्बाद कर दिया है। ट्रूडो की रुचि सिर्फ एक चीज में है और वह है अपने चुनाव में सिख वोट पाना। पंजाब के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल को याद करते हुए सिंह कहते हैं कि उन्होंने उस समय के कनाडाई रक्षा मंत्री हरजीत सज्जन से मिलने से इनकार कर दिया था और उन्हें खालिस्तानी समर्थक कहा था। 2018 में ट्रूडो के भारत दौरे को याद करते हुए, उन्होंने कहा, जब ट्रूडो यहां आए, तो वह मुझसे मिलना चाहते थे। मैंने कहा कि मैं उनसे मिलना नहीं चाहता। वह पंजाब आना चाहते थे। फिर भारत सरकार ने ट्रूडो से कहा कि यदि आप मुख्यमंत्री से नहीं मिलते हैं, तो आप पंजाब नहीं जा सकते हैं। तब हमें मिलना पड़ा। इसी तरह भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) का भी अनपेक्षित सहयोगी मिला है। कनाडा में हिंदी टाइम्स मीडिया के समूह संपादक राकेश तिवारी का कहना है, कि पूरी दुनिया में हिंदुओं की राजनीतिक ताकत कमजोर पड़ती जा रही है। भारत-विरोधी देश इसका लाभ उठाते हैं और वे भारत में अलगाववाद के समर्थक लोगों को हवा दे रहे हैं। पाकिस्तान भी भारत के टुकड़े करवाना चाहता है क्योंकि बांग्लादेश का घाव उसे आज भी टीसता है। बताया जाता है कि ऐसे में सबकी निगाहों में सॉफ्ट टारगेट सिख समुदाय है। चूंकि भारत के बाहर सिखों की सबसे बड़ी आबादी कनाडा में है, इसलिए वहां के सिखों को बरगलाना आसान है। वहां के गुरुद्वारों में ऐसे तत्त्वों का जमावड़ा खूब है, जो लोग धार्मिक श्रद्धालुओं को और भारत के युवा सिखों को भड़काते हैं। जबकि कनाडा में भी हिंदू-सिखों में परस्पर शादी-विवाह होते हैं और दोनों समुदाय एक-दूसरे के पूजा स्थलों में जाते रहते हैं।

## शब्द सामर्थ्य -227

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 226 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | | फा | य | दा | | स |
| प | | ल | ला | ट | | य | ती | म |
| ति | ल | क | | क | न | क | | झ |
| | क्ष | | | | रे | | | |
| ग | ण | क | | सं | श | य | | सौ |
| ह | | या | च | क | | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | | र | क्ष | क | | न |
| | त्रि | | | | मि | | | |
| शा | य | री | | का | त | र | | गो |




**मेष** : जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। रुपये पैसों की सुविधा मिल जाएगी। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि व खर्चा बढ़ेगा।

**शुभांक-2-4-6**

**वृष** : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी।

**शुभांक-3-4-5**

**मिथुन** : बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**शुभांक-2-4-5**

**कर्क** : शत्रुभय, चिंताए संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। खान-पान में सावधानी रखें।

**शुभांक-4-6-7**

**सिंह** : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगें। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**शुभांक-4-6-8**

**कन्या**: शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानी पूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। कोई धार्मिक यात्रा करेगें।

**शुभांक-2-5-7**

**तुला** : सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां आज पैदा होंगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**शुभांक-3-5-7**

**वृश्चिक** : कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

**शुभांक-2-4-6**

**धनु** : प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

**शुभांक-4-6-8**

**मकर** : कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंग। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

**शुभांक-6-7-9**

**कुंभ** : दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी।

**शुभांक-3-5-7**

**मीन** : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंग।

**शुभांक-2-4-6**

# विराट, रोहित का भविष्य ऑस्ट्रेलिया दौरे पर निर्भर




**मुम्बई।** भारतीय टीम के कई क्रिकेटरों का भविष्य ऑस्ट्रेलिया दौरे में दांव पर लगा रहेगा। इसमें कप्तान रोहित शर्मा से लेकर विराट कोहली तक शामिल हैं। हाल के दिनों में विराट और रोहित बल्लेबाजी में असफल रहे हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में भी ये दोनो रन नहीं बना पाये और भारतीय टीम क्लीन स्विप का शिकार हुई। ऐसे में अगर ये अब रन नहीं बना पाते हैं तो इनका भविष्य खतरे में आ जाएगा। वैसे भी इनकी उम्र बढ़ रही और कई युवा खिलाड़ी टीम में जगह के लिए लगातार दावेदारी पेश कर रहे हैं।

**रोहित शर्मा–** रोहित की बल्लेबाजी पहले जैसी नहीं रही। बांग्लादेश और अब न्यूजीलैंड के खिलाफ इन 5 टेस्ट मैचों की 10 पारियों में रोहित एक अर्धशतक के साथ केवल 13.30 की औसत से 133 रन ही बना सके। उनका सबसे अधिक स्कोर 52 रन रहा। इस घरेलू सीज़न में रोहित कीवी स्पिनरों के खिलाफ बेबस दिखे और बड़े शॉट खेलने के प्रयास में आउट हुए। इस इस साल टेस्ट क्रिकेट में रोहित ने 11 गेम खेलते हुए 21 पारियों में 29.40 के औसत से केवल 588 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक, दो अर्द्धशतक बनाए है। मौजूदा आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 में रोहित ने 14 टेस्ट मैचों की 26 पारियों में तीन शतक और चार अर्द्धशतक के साथ 33.32 की औसत से 833 रन बनाए हैं।

**विराट कोहली–** अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली भी इस साल रन बनाने में विफल रहे हैं। वह पिछले 5 टेस्ट मैचों की 10 पारियों में 21.33 के औसत से केवल 192 रन ही बना पाये हैं। इसमें वह केवल एक बार पचास से अधिक रन बना पाये हैं। 70 उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर था। इस घरेलू सीज़न के दौरान उन्होंने 6, 17, 47, 29, 0, 70, 1, 17, 4 और 1 रन ही बनाये हैं। इस साल विराट ने छह मैचों की 12 टेस्ट पारियों में 22.72 की औसत से केवल 250 रन बनाए हैं, जिसमें केवल एक अर्धशतक शामिल है। मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र 2023-25 में विराट ने नौ टेस्ट और 16 पारियों में 37.40 की औसत से 561 रन ही बनाए हैं।

**केएल राहुल–** केएल राहुल बांग्लादेश के खिलाफ 2 टेस्ट मैचों की सीरीज में राहुल का प्रदर्शन सामान्य रहा था वह एक अर्धशतक लगा पाये थे पर न्यूजीलैंड के खिलाफ वह विफल रहे। राहुल को लंबे समय बाद टेस्ट क्रिकेट में फिर से मौका मिला था पर वह इस अवसर का लाभ नहीं उठा पाये। ऐसे में अब अगर वह ऑस्ट्रेलिया दौरे पर नहीं चल पाए तो उनके लिए भारतीय टीम में जगह बनाये रखना कठिन हो जाएगा। इसके अलावा ऋषभ पंत से भी उन्हें स्थान के लिए कड़ी टक्कर मिल रही है। ऋषभ का न्यूजीलैंड के खिलाफ प्रदर्शन अच्छा रहा है और वह विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर पहली पसंद बनते जा रहे हैं।

**सरफराज खान–** सरफराज को काफी मुश्किलों के बाद टेस्ट में अवसर मिला है। सरफराज ने 6 टेस्ट में 371 रन बनाए हैं पर ऑस्ट्रेलिया दौरा उनके लिए आसान नहीं रहेगा। सरफराज ने अब तक ज्यादातर टेस्ट घरेलू मैदानों पर ही खेली हैं। ऐसे में अगर ऑस्ट्रेलिया की तेज पिचों पर वह नहीं चल पाए तो उनके लिए आगे टीम में जगह बनाना कठिन होगा क्योंकि इसके बाद भारतीय टीम को इंग्लैंड भी जाना है। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में सरफराज ने 0 और 150 रन बनाये पर सके बाद दूसरे टेस्ट में 11 और 9 तो तीसरे टेस्ट में 0 और 1 रन ही बना सके।

## डब्ल्यूटीसी फाइनल की संभावनाओं के लिए भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में जीतने होंगे चार टेस्ट



**मुम्बई।** न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में हार से भारतीय टीम के लिए अब आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल (डब्ल्यूटीसी) की राह मुश्किल हो गयी है। अब भारतीय टीम को फाइनल के लिए अपनी संभावनाएं बनाये रखने के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के पांच में से चार मैच जीतने होंगे , व एक मैच ड्रॉ पर रोकना होगा। इसके अलाव अन्य टीमों के परिणामों पर भी नजर रखनी होगी। 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम सिर्फ 1 मैच ड्रॉ कर सकती है। बाकी बचे 4 मैचों में उसे जीतना होगा। ऑस्ट्रेलिया को उसी की धरत पर हराना बेहद कठिन है। 22 नवंबर से पर्थ में पहला टेस्ट मैच खेला जाना है. तेज और उछाल भरी पिच को दुनिया के सबसे खतरनाक पिचों में से एक माना जाता है. बल्लेबाजों के लिए इसे कब्रगाह बताया जाता है और तेज गेंदबाजों के लिए स्वर्ग. कप्तान पैट कमिंस के साथ मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड की धारदार गेंद के आगे भारतीय बल्लेबाजों को टिकना होगा। नाथन लियोन की स्पिन भी मुसीबत बनेगी। पैट पहले ही कह चुके हैं कि वो किसी भी हाल में भारत को इस बार जीतने नहीं देंगे। अंक तालिका में भारतीय टीम अब 58.33 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे पायदान पर खिसक गई है, वहीं ऑस्ट्रेलिया की टीम अब 62.5 प्रतिशत अंकों के साथ पहले पायदान पर पहुंच गई है। वहीं न्यूजीलैंड को एक पायदान का फायदा हुआ है और टीम पांचवे से चौथे पायदान पर आ गई है। उन्हें 5 में से एक भी मैच भी भारतीय टीम हारती है तो वह फाइनल की दौड़ से बाहर हो जाएगी। के अगर भारत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार टेस्ट मैच जीतता है और एक में उन्हें हार का सामना करना पड़ता है तो उनके खाते में अधिकतम 64.03 प्रतिशत अंक रह जाएंगे। वहीं अगर टीम इंडिया चार मैच जीतने के साथ एक मुकाबला ड्रॉ कराने में कामयाब रहती है तो उनके खाते में 65.78 प्रतिशत अंक होंगे। वहीं नंबर-1 पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया को अगर फाइनल का टिकट हासिल करना है तो उन्हें अगले 7 में से 5 मैच जीतने होंगे। कंगारुओं को घर पर भारत के खिलाफ 5 मैच की टेस्ट सीरीज के अलावा श्रीलंका के खिलाफ उन्हीं के घर पर 2 मैच की सीरीज भी खेलनी है। अगर ऑस्ट्रेलिया 7 में से 5 मैच जीतने में सफल रहता है तो उनके खाते में 65.78 प्रतिशत अंक हो जाएंगे। दक्षिण अफ्रीका फाइनल की दौड़ में बांग्लादेश को 2-0 से पीटकर आया है। उसने डब्ल्यूटीसी में 24 महत्वपूर्ण अंक हासिल किए। दक्षिण अफ्रीका फिलहाल 54.16 प्रतिशत अंकों के साथ 5वें पायदान पर है। अब उनके बचे चार मैच घर पर श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ है। घर पर उसका रिकॉर्ड शानदार रहा है। अगर इन चारों मैच में टीम जीत दर्ज करती है तो वह अधिकतम 69.44 प्रतिशत अंक हासिल कर लेगी।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज से पहले अभ्यास मैच खेले भारतीय टीम : गावस्कर



**मुम्बई।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा है कि भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले कम से कम एक अभ्यास मैच खेलना चाहिये। भारतीय टीम को इस दौरे में इंडिया ए के साथ एक अभ्यास मैच खेलना था, जिसे प्रबंधन ने समय की कमी का हवाला देते हुए रद्द कर दिया है। वहीं गावस्कर का मानना है कि टीम के लिए लय हासिल करने अभ्यास मैच जरुरी है। इसलिए उसे सीरीज के बीच में भी अभ्यास मुकाबले खेलने का प्रयास करना चाहिये। साथ ही कहा कि इससे जिन युवा खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया में कभी नहीं खेलना है उन्हें हालात के अनुसार ढलने का अवसर मिलेगा। ध्रुव जुरेल, सरफराज खान और यशस्वी जायसवाल जैसे युवा खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया में पहली बार खेलेंगे। ऐसे में इन्हें गति और उछाल के साथ तालमेल बैठाने में कुछ समय जरुर लगेगा। गावस्कर ने कहा, मुझे लगता है कि टीम को अभ्यास मैच खेलने चाहिए। टेस्ट मैचों के बीच के अंतराल में उन्हें वास्तव में अभ्यास मैच खेलने चाहिए। सीनियर खिलाड़ियों के लिए नहीं पर जूनियर खिलाड़ियों के लिए भी जिन्होंने पहले कभी ऑस्ट्रेलिया में नहीं खेला है ये मैच जरुरी हैं। ऑस्ट्रेलिया ए टीम या क्वींसलैंड जैसी स्टेट टीम के खिलाफ भी अभ्यास मैच खेला जा सकता है। इससे जूनियर खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलिया में उछाल और पिचों का अभ्यस्त होने का अवसर मिलेगा। गावस्कर ने कहा कि वे जितना हो सके उतना अभ्यास करें और थ्रो डाउन के बजाय नियमित गेंदबाजी खेलने पर ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने कहा, बस अपने पर भरोसा रखकर जितना हो सके उतना अभ्यास करना चाहिये। मुझे लगता है कि थ्रोडाउन का सामना करना कुछ हद तक फायदेमंद है पर नियमित गेंदबाजी का सामना करना उससे ज़्यादा जरूरी है। इसलिए तेज गेंदबाजों का सामना करें। इसमें जरुरी नहीं कि आप जसप्रीत बुमराह का ही सामना करें पर आप दूसरों से 22 गज की बजाय 20 गज की दूरी से गेंदबाजी करने के लिए कह सकते हैं। इसलिए, गेंद जल्दी बल्ले पर आती है।

## क्रिकेट जगत ने विराट कोहली को उनके 36वें जन्मदिवस की दीं शुभकामनाएं




**नई दिल्ली।** क्रिकेट जगत ने मंगलवार को भारत के करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली को उनके 36वें जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर कोहली को जन्मदिन की बधाई दी। युवराज ने कहा कि दुनिया कोहली की ठोस वापसी का बेसब्री से इंतजार कर रही है। युवराज सिंह ने एक्स पर लिखा, "आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं किंग कोहली हमारी असफलताओं से बेहतरीन वापसी होती है और दुनिया आपकी ठोस वापसी का बेसब्री से इंतजार कर रही है। आपने पहले भी ऐसा किया है और मुझे यकीन है कि आप इसे फिर से करेंगे। भगवान भला करे! ढेर सारा प्यार।" पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना ने कोहली को जन्मदिन की बधाई देते हुए उन्हें "एक प्रतिष्ठित क्रिकेटर और एक प्रेरक व्यक्ति" कहा। सुरेश रैना ने एक्स पर लिखा,"एक प्रतिष्ठित क्रिकेटर और एक प्रेरक व्यक्ति, कोहली, जन्मदिन की शुभकामनाएं! आपका आने वाला साल खुशियों और सफलता से भरा हो।" पूर्व भारतीय क्रिकेटर एस बद्रीनाथ ने कहा कि कोहली के रवैये और दृष्टिकोण ने भारत के क्रिकेट खेलने के तरीके को बदल दिया। बद्रीनाथ ने एक्स पर लिखा, "एक गोल-मटोल बच्चे चीकू से लेकर महानतम खिलाड़ी बनने तक, आपके रवैये और दृष्टिकोण ने भारत के क्रिकेट खेलने के तरीके को बदल दिया। जन्मदिन की शुभकामनाएं।" पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने भी मंगलवार को कोहली को उनके 36वें जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं। चोपड़ा ने एक्स पर लिखा, "उस दिन लगा था कि यह लड़का आगे जाकर कुछ अलग बनेगा। एकमात्र और एकमात्र विराट कोहली को जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं।" पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा कि 36 वर्षीय कोहली का क्रिकेट में सफर अभूतपूर्व रहा है। हरभजन सिंह ने एक्स पर लिखा, "जन्मदिन की शुभकामनाएं। एक होनहार युवा प्रतिभा से लेकर हमारे समय के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक बनने तक का आपका सफर अभूतपूर्व रहा है। आपने हर जगह महत्वाकांक्षी क्रिकेटरों को बड़े सपने देखने, कड़ी मेहनत करने और खुद पर विश्वास करने के लिए प्रेरित किया है। आपको चमक और खुशी के अनगिनत पलों की शुभकामनाएं। चमकते रहो। कोहली।" भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भी "सबसे बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक" को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं। बीसीसीआई ने एक्स पर लिखा, "538 अंतरराष्ट्रीय मैच और गिनती जारी है। 27134 अंतरराष्ट्रीय रन और गिनती जारी है। 2011 आईसीसी विश्व कप विजेता। 2013 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी विजेता। 2024 आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप विजेता, पूर्व टीम इंडिया कप्तान और सबसे बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक विराट कोहली को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।" स्टार इंडिया सीमर मोहम्मद शमी ने कोहली को जन्मदिन की शुभकामनाएं भेजीं और उन्हें भारतीय क्रिकेट की रीढ़ बताया। शमी ने इंस्टाग्राम पर लिखा, "भारतीय क्रिकेट की रीढ़ और रन-मशीन, कोहली को जन्मदिन की शुभकामनाएं, आपका जुनून और प्रतिबद्धता लाखों लोगों को प्रेरित करती है। आपको सफलता, खुशी और अविस्मरणीय क्षणों से भरा एक साल की शुभकामनाएं।" 15 साल से अधिक के शानदार करियर के साथ, विराट कोहली ने अब तक के सबसे महान क्रिकेटरों में से एक के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। भारत को कुआलालंपुर में प्रतिष्ठित आईसीसी अंडर-19 विश्व कप खिताब जीतने के दिनों से लेकर 2008 तक, विराट ने खुद को स्थिरता, कड़ी मेहनत, शीर्ष स्तर की फिटनेस, समर्पण, आक्रामकता और कई अन्य गुणों का प्रतीक साबित किया है जो एक शीर्ष श्रेणी के खिलाड़ी में होते हैं। 2008 में अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण से लेकर अब तक विराट ने 118 मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है, जिसमें उन्होंने 47.83 की औसत से 9,040 रन बनाए हैं, जिसमें 29 शतक और 31 अर्द्धशतक शामिल हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 254* रहा है। वह टेस्ट मैचों में भारत के लिए चौथे सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

# व्यापार

## शेयर बाजार गिरावट के साथ खुला




**मुम्बई।** घरेलू शेयर बाजार की मंगलवार को कमजोर शुरुआत हुई । आज सुबह दुनिया भर से मिश्रित संकेतों के बीच ही बाजार गिरावट के साथ शुरु हुआ। सुबह बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी कारोबार की शुरुआत में नीचे आये। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाल सेंसेक्स 271.63 अंक करीब 0.34 फीसदी नीचे आकर 78,510.61 पर खुला। वहीं 50 शेयरों वाला निफ्टी 85.75 अंक तकरीबन 0.36 फीसदी फिसलकर 23,909.60 पर कारोबार कर रहा था। अमेरिका में आज राष्ट्रपति चुनाव और इस सप्ताह के अंत में अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक से पहले विदेशी निवेशकों ने बाजार से दूरी बनाये रखी। इससे भी भारतीय बाजार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। इस दौरान गिफ्ट निफ्टी करीब 24,065 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। ये निफ्टी फ्यूचर्स के पिछले बंद स्तर से करीब 50 अंकों की गिरावट को दिखाता है। डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज, टाइटन कंपनी, गेल इंडिया, पीबी फिनटेक, ऑयल इंडिया, बर्जर पेंट्स, ईक्लर्क्स सर्विसेज, मणप्पुरम फाइनेंस, मैनकाइंड फार्मा, मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स, एप्टस वैल्यू हाउसिंग फाइनेंस, सीसीएल प्रोडक्ट्स, फोर्टिस मलार हॉस्पिटल्स, जेके टायर, मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट, एसजेवीएन, त्रिवेणी इंजीनियरिंग और वारी रिन्यूएबल टेक्नोलॉजीज आज सितंबर तिमाही के परिणाम घोषित करेंगे। सैगिलिटी इंडिया का आईपीओ भी आज खुलेगा। निवेशक इस आईपीओ के लिए गुरुवार, 7 नवंबर 2024 तक दांव लगा सकते हैं। गल दिवस अमेरिकी शेयर बाजार गिरावट लेकर बंद हुए। वॉल स्ट्रीट पर एसएंडपी500 और डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल औसत में 0.28 फीसदी और 0.61 फीसदी की गिरावट रही जबकि नैस्डैक कंपोजिट 0.33 फीसदी गिरा। एशिया-पैसिफिक रीजन में शेयर बाजारों की मिली-जुली शुरुआत रहीं। वहीं दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया के इक्विटी बेंचमार्क में गिरावट आई जबकि जापान के शेयर हल्की बढ़त के साथ खुले। वहीं गत दिवस कारोबारी सत्र में बाजार भारी गिरावट के साथ बंद हुआ था।

## सोने और चांदी में नरमी



**नई दिल्ली।** घरेलू बाजार में मंगलवार को सोने और चांदी की कीमतें कम हुई हैं। इस सप्ताह के दूसरे दिन भी सोने चांदी के वायदा भाव में कमी आई है। आज सोने का वायदा भाव 78,200 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 94,000 रुपये के करीब था। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी की वायदा कीमतों में कमी आई है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क दिसंबर अनुबंध आज 211 रुपये टूटकर 78,211 रुपये के भाव पर खुला। एक समय यह अनुबंध 216 रुपये की गिरावट के साथ 78,206 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 78,275 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 78,191 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर हासिल किया। सोने के वायदा भाव इस साल 79,775 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर पर पहुंचे थे। वहीं चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी कमजोर रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर अनुबंध आज 181 रुपये टूटकर 94,103 रुपये पर खुला। एक समय यह अनुबंध 234 रुपये नीचे आकर 94,050 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। ये 94,104 रुपये के भाव पर दिन के उच्च और 94,000 रुपये के भाव पर दिन के निचले स्तर पर पहुंचा। इस साल चांदी के वायदा भाव 1,00081 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर पर पहुंचे थे अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत कमजोर रही। कामेक्स पर सोना 2,746 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,746.20 डॉलर प्रति औंस था। खबर लिखे जाने के समय यह 6.80 डॉलर की गिरावट के साथ 2,739.40 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कामेक्स पर चांदी के वायदा भाव 32.58 डॉलर के भाव पर खुले, इसका पिछला बंद भाव 32.60 डॉलर था।

## देश राज्यों से बड़ी खबरें

1 BJP के लिए आदिवासी स्वाभिमान सर्वोपरि,चाईबासा में JMM-RJD और कांग्रेस पर बरसे पीएम मोदी
2 पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने हमारे आदिवासी भाइयों को गोलियों से भून दिया था, हमारे आदिवासी पूर्वज सिर्फ अपना हक मांग रहे थे,वह अलग झारखंड राज्य मांग रहे थे,मत भूलिए...तब राजद नेता भी कहते थे कि झारखंड उनकी लाश पर बनेगा
3 मंदिर पर हमला कायराना,ऐसे कृत्य डिगा नहीं सकते;कनाडा से तनाव के बीच पहली बार बोले पीएम मोदी
4 सीजेआई बोलेःअर्नब से लेकर जुबैर तक को जमानत दी,यही मेरी फिलॉसफी,न्यायपालिका की स्वतंत्रता का मतलब सरकार के खिलाफ फैसला सुनाना नहीं
5 गणपति पूजा पर पीएम मेरे घर पर आए,इसमें कुछ भी गलत नहीं,जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ बोलेःकिसी नेता से मिलने का मतलब डील करना नहीं,अपने जजों पर भरोसा रखेंःचीफ जस्टिस
6 झारखंड-महाराष्ट्र में जीत का भरोसा,लेकिन BJP की हरियाणा जैसी शरारत से हैं सतर्क,कांग्रेस नेता जयराम रमेश बोले
7 जमीन पर गिरा प्लेनः आगरा में वायु सेना का मिग-29 दुर्घटनाग्रस्त, पायलट और को-पायलट ने कूदकर बचाई जान
8 कृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह विवादःआज SC में चार याचिकाओं पर सुनवाई,मुस्लिम पक्ष ने HC के फैसले को दी है चुनौती
9 एशिया में सबसे ज्यादा ट्रैफिक में बेंगलुरु-पुणे टॉप पर,नई दिल्ली 12वें और मुंबई 14वें स्थान पर; ग्लोबल लिस्ट में लंदन टॉप पर
10 महाराष्ट्रःजरांगे का विधानसभा चुनाव लड़ने से इनकार;महायुति के लिए कठिन हुई लड़ाई,एमवीए ने ली राहत की सांस
11 महाराष्ट्र के कोल्हापुर सीट पर कांग्रेस को झटका;सतेज पाटिल ने मधुरिमा राजे छत्रपति के दौड़ से बाहर होने पर निराशा व्यक्त की,उनके नाम वापस लेने से कांग्रेस पश्चिमी महाराष्ट्र के अपने गढ़ों में से एक में प्रतिनिधित्व के बिना रह गई,नाराज पाटिल ने कहा कि उनमें साहस नहीं था तो उन्हें चुनाव नहीं लड़ना चाहिए था
12 MUDA जमीन घोटाले में CM सिद्धारमैया की खत्म नहीं हुई टेंशन,बुधवार को पेश होने का समन
13 एशिया में सबसे ज्यादा ट्रैफिक में बेंगलुरु-पुणे टॉप पर,नई दिल्ली 12वें और मुंबई 14वें स्थान पर;ग्लोबल लिस्ट में लंदन टॉप पर
14 IRCTC का मुनाफा दूसरी तिमाही में 4.4% बढ़ा,यह 308 करोड़ हुआ,रेवेन्यू 7% बढ़कर 1,064 करोड़ रहा;रोज 12-लाख टिकट बुक करती है कंपनी
15 डॉलर के मुकाबले रुपया 84.11 के निचले स्तर पर,लोकल आउटफ्लो और शेयर मार्केट में गिरावट है कारण,इंपोर्ट महंगा होगा
16 अमेरिका में नए राष्ट्रपति के लिए चुनाव आज,ओपिनियन पोल में हैरिस और ट्रंप के बीच कड़ा मुकाबला
17 उत्तराखंड के अल्मोड़ा में बड़ा हादसा,खाई में गिरी 50 यात्रियों से भरी बस,36 की मौत
18 Canada:कनाडा में मंदिर हमले से भारतीय समुदाय में बढ़ी चिंता, सरकार ने की सख्त निंदा
19 Agra Plane Crash:आगरा में एयर फोर्स का मिग-29 लड़ाकू विमान क्रैश,पायलट समेत 3 लोगों ने कूदकर बचाई जान
20 कोलकाता डॉक्टर रेप-मर्डर केस में बड़ा अपडेट,कोर्ट ने तय किए आरोप,संजय रॉय बोला:मैं निर्दोष हूं
21 बेंगलुरु में दोस्तों की शर्त के कारण युवक की मौत,ऑटो रिक्शा दिलाने का लालच देकर पटाखे के डिब्बे पर बिठाया,ब्लास्ट के कारण गई जान
22 CJI चंद्रचूड़ बोले:मेरे रिटायरमेंट के बाद कोर्ट सुरक्षित हाथों में,राजनीति में परिपक्वता जरूरी;जजों पर संदेह करना व्यवस्था को बदनाम करने जैसा
23 विपक्षी सांसदों की वक्फ JPC से हटने की चेतावनी,लोकसभा स्पीकर से मिलेंगे,समिति अध्यक्ष जगदम्बिका पाल पर एकतरफा फैसले लेने का आरोप
24 राजस्थान विधानसभा उपचुनाव के लिए होम वोटिंग शुरू,पहले दिन 900 मतदाताओं ने किया अपने मत का प्रयोग
25 महाराष्ट्र चुनाव:288 सीटों के लिए चुनावी मैदान में 4140 प्रत्याशी,2019 की तुलना में 28% ज्यादा उम्मीदवार
26 कृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह विवाद,आज SC में चार याचिकाओं पर सुनवाई,मुस्लिम पक्ष ने HC के फैसले को दी है चुनौती
27 प्रधानमंत्री मोदी भीड़ देख गदगद,विजय संकल्प सभा में नहीं पहुंच पाए 2 बीजेपी उम्मीदवार
28 भारत की फटकार बाद बोले ट्रूडो,कनाडा के मंदिरों में हिंसा अस्वीकार्य
29 छत्तीसगढ़ के नक्सल विरोधी अभियान की पूरे देश में सराहना हो रही है:मोहन यादव
30 आप' ने भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज पर छठ पर्व में विघ्न डालने का आरोप लगाया
31 Gujarat: खेलते-खेलते कार में लॉक हुए चार बच्चे,दम घुटने से हुई दर्दनाक मौत
32 Kota में एक और छात्र ने किया सुसाइड,किराये पर रहकर कर रहा था JEE की तैयारी
33 धर्म बदलने वाले दलितों को लग सकता है झटका,आरक्षण देने के खिलाफ आयोग
34 बाजार में हाहाकार, सेंसेक्स 941 अंक गिरकर 78,782 पर आया, निफ्टी 23,995 पर बंद
35 हमने सपने में भी भारत को क्लीन स्वीप करने की कल्पना नहीं की थी:रॉस टेलर
36 झारखंड चुनावः INDIA ब्लॉक की तरफ से कुछ देर में 7 गारंटी' का ऐलान
37 ओडिशा:पुरी-आनंद विहार नंदनकानन एक्सप्रेस ट्रेन पर चलीं गोलियां,जांच जारी
38 वेंटिलेटर पर मां,खतरे की स्थिति बनी हुई है, लोकगायिका शारदा सिन्हा के बेटे ने बताया हाल
39 IPS अधिकारी संजय वर्मा बने महाराष्ट्र के नए डीजीपी
40 सलमान खान को धमकी देने वाला कर्नाटक से गिरफ्तार

# चचेरी बहन के साथ रानी मुखर्जी ने मनाया काली पूजा का त्यौहार



बीते दिनों काली पूजा का त्योहार बॉलीवुड की प्रसिद्ध अभिनेत्री रानी मुखर्जी ने अपनी चचेरी बहन तनिषा मुखर्जी के साथ मनाया। इस समारोह में उनकी करीबी दोस्त काजोल भी शामिल हुईं। इस अवसर पर दोनों बहनें बेहद खूबसूरत नजर आईं। एक्ट्रेस रानी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह बैंगनी रंग के भारतीय परिधान में नजर आ रही हैं, जिसमें सुनहरे और सफेद रंग की डिटेलिंग की गई है। इस वीडियो में रानी, काजोल की छोटी बहन तनिषा और अन्य दोस्तों के साथ पोज देती हुई दिखाई दे रही हैं। काली पूजा, हिंदू देवी काली को समर्पित है, जिसे हिंदू कैलेंडर के अश्वयुज या कार्तिक महीने की अमावस्या के दिन मनाया जाता है। यह त्योहार विशेष रूप से पश्चिम बंगाल, मिथिला, झारखंड, ओडिशा, असम और त्रिपुरा जैसे राज्यों में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। पिछले महीने दुर्गा पूजा के दौरान भी रानी, काजोल और तनिषा को एक साथ देखा गया था। इस दौरान, बहनों को सिंदूर खेला जैसे शुभ कार्यक्रम का हिस्सा बनते हुए देखा गया था। रानी मुखर्जी की पेशेवर जिंदगी की बात करें तो वह जल्द ही "मर्दानी" के नए भाग में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म की घोषणा 22 अगस्त को की गई थी। यश राज फिल्म्स के प्रोडक्शन हाउस ने यूट्यूब पर एक टीजर जारी किया है, जिसमें पहले भाग की कहानी को आगे बढ़ाया गया है। "मर्दानी" 2014 में रिलीज हुई थी, और इसका दूसरा भाग "मर्दानी 2" 2019 में आया था। "मर्दानी" की कहानी शिवानी शिवाजी रॉय नामक एक जिद्दी पुलिस अधिकारी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक अपहृत किशोरी के मामले को सुलझाने के प्रयास में मानव तस्करी के रहस्यों का पता लगाती है। पहले भाग का निर्देशन प्रदीप सरकार ने किया था, जिसमें जीशु सेनगुप्ता, ताहिर राज भसीन और सानंद वर्मा जैसे अभिनेता भी सहायक भूमिकाओं में थे। "मर्दानी 2" में रानी ने एक बार फिर अपने किरदार शिवानी को दोहराया है। इस बार उनकी कहानी एक 21 वर्षीय बलात्कारी और हत्यारे के खिलाफ है, जिसका किरदार विशाल जेठवा ने निभाया है। इस फिल्म का निर्देशन गोपी पुथ्रन ने किया था।






## शाहरुख के जन्मदिन पर जारी हुआ 'फौजी 2' का ट्रेलर

अभिनेता शाहरुख खान ने अपने आगामी शो 'फौजी 2' का ट्रेलर लॉन्च किया गया। शो में गौहर खान, विक्की जैन और कई नए कलाकारों की कास्टिंग की गई है। शाहरुख ने अपने जन्मदिन के खास मौके पर शो का ट्रेलर जारी कर अपने प्रशंसकों एक और तोहफा दिया है। 'फौजी 2' का प्रसारण 18 नवंबर से हर सोमवार से गुरुवार रात 9 बजे दूरदर्शन पर किया जाएगा।ट्रेलर की शुरुआत गौहर खान के साइकिल चलाते हुए एक सीन से होती है, जिसके बाद दर्शकों को बॉक्सिंग, तैराकी, हैवी जिम वर्कआउट और बाइक रेसिंग जैसे विभिन्न खेलों में जवानों की चुनौतियों का सामना करते हुए दिखाया गया है। यह शो शाहरुख खान के मूल शो 'फौजी' का सीक्वल है, जो भारतीय टेलीविजन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। गौहर खान ने शो के बारे में बात करते हुए कहा, इस तरह की रचनात्मक टीम के साथ मिलकर हमारे समय के प्रतिष्ठित शो में से एक बनाने से ज्यादा खास कुछ नहीं हो सकता। मैं इस शो का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं, जिसने कई दिलों को छुआ है। हम सभी यह देखने का इंतजार नहीं कर सकते कि हमने इस बार इसमें क्या नया किया है। 'फौजी' एक भावना है, इसलिए यह हमारी जिम्मेदारी भी है कि हम उस शो की विरासत को बनाए रखें जो सभी के दिलों में एक खास जगह रखता है। दूरदर्शन के सीईओ गौरव द्विवेदी ने कहा, फौजी अपने समय के सबसे सफल धारावाहिकों में से एक था, जो आज भी दर्शकों के दिलों को छूता है। जब हमें 'फौजी 2' का कॉन्सेप्ट मिला तो हम इसे लेकर रोमांचित थे। हम इसके मूल को बरकरार रखते हुए एक बार फिर सभी को उस अनुभव देने के लिए उत्सुक हैं। 'फौजी 2' का निर्देशन संदीप सिंह ने किया है, जबकि इसका सह-निर्माण विक्की जैन और जफर मेहदी ने किया है। क्रिएटिव हेड समीर हल्लीम हैं। शीर्षक गीत श्रेयस पुराणिक ने लिखा है, जिसे सोनू निगम ने अपनी आवाज दी है। निर्माता संदीप सिंह ने कहा, फौजी 2 उस क्लासिक को ट्रिब्यूट है जिसने हमें शाहरुख खान जैसी प्रतिभा से परिचित कराया। हम इसे नए तरीके से पेश कर रहे हैं। इस शो का निर्देशन सब मोह माया है' और 'ए वेडिंग स्टोरी' के निर्देशक अभिनव पारीक ने किया है, जबकि निशांत चंद्रशेखर भी निर्देशक की भूमिका में हैं।



## चटक लाल साड़ी में अदाएं दिखा रही नरगिस फाखरी

बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री नरगिस फाखरी इन दिनों अपने आकर्षक लुक और फैशन सेंस के लिए चर्चा में हैं। हाल ही में, उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर चटक लाल साड़ी में स्टनिंग तस्वीरें साझा की हैं। नरगिस ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीरों की सीरीज पोस्ट करते हुए लिखा, "रेड हॉट में जलवे बिखेरने के लिए तैयार। दीपावली मना रहे हैं, वाह!" इस पोस्ट ने उनके प्रशंसकों का ध्यान खींचा और उन्हें कई तारीफें भी मिलीं। नरगिस की तस्वीरों में उनकी लाल साड़ी, जो उन्होंने स्टाइलिश हील्स के साथ पेयर की थी, बेहद आकर्षक लग रही थी। तस्वीरों में उन्हें शादी के मंडप में जलवे बिखेरते हुए देखा गया, जहां वह खुश नजर आ रही थीं। जैसे ही उन्होंने अपनी तस्वीरें साझा कीं, उनके प्रशंसकों ने कमेंट सेक्शन में उन्हें सराहना शुरू कर दी। एक यूजर ने लिखा, अब तक की सबसे हॉट सेलिब्रिटी, जबकि दूसरे ने कहा, पृथ्वी की सबसे सुंदर लड़की। उनके लुक्स ने फैंस के दिलों में आग लगा दी है। इसके पहले, नरगिस ने दीपावली की शुभकामनाएं देने के लिए एक शाइनिंग ऑफ-बीट सफेद लहंगे में अपनी शानदार तस्वीरें साझा की थीं। उन्होंने उस पोस्ट में कैप्शन दिया था, हैप्पी दीपावली, यह दीपावली आपके और आपके प्रियजनों के लिए नई उम्मीद, सपने और उज्जवल कल लाए।काम के मोर्चे पर, नरगिस फाखरी ने 16 साल की उम्र में एक मॉडल के रूप में अपने करियर की शुरुआत की थी। 2011 में इम्तियाज अली की म्यूजिकल-ड्रामा "रॉकस्टार" के साथ उन्होंने बॉलीवुड में कदम रखा। इस फिल्म में नरगिस ने हीर कौल का किरदार निभाया, जो बोन मैरो एपनेसिया बीमारी से ग्रसित थी। उनके काम को काफी सराहा गया और यह फिल्म उन्हें स्टार बना गई। इसके बाद, नरगिस ने राजनीतिक थ्रिलर "मद्रास कैफे" में भी शानदार अभिनय किया। उन्होंने व्यावसायिक रूप से सफल कॉमेडी "मैं तेरा हीरो स्पाई" और "हाउसफुल 3" में भी महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाईं। नरगिस ने हॉलीवुड में भी कदम रखा, जब उन्होंने पॉल फीग की एक्शन-कॉमेडी स्पाई में काम किया। इस फिल्म में उनके साथ मेलिसा मैकार्थी, जेसन स्टैथम और जूड लॉ जैसे बड़े सितारे भी थे।

## कृति सेनन ने रूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ मनाया दीवाली का जश्न



दिवाली का त्यौहार बालीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन ने अपने परिवार के साथ मनाया। कृति सेनन ने अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के साथ दीवाली का जश्न मनाते हुए कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं, जो तेजी से सुर्खियों में आ गईं। कृति ने इस मौके पर ट्रेडिशनल इंडियन स्टाइल के कपड़े पहने, जिसमें उन्होंने वेलवेट के थ्री-पीस सेपरेट्स सेट्स चुने। उनके इस ऑउटफिट में मैचिंग कुर्ता और पैंट के साथ एक कंट्रास्ट शेड का दुपट्टा शामिल था। कृति ने अपने लुक को सिंपल रखा, बिना किसी जूलरी के, लेकिन उनकी मेकअप ने पूरे लुक को और भी आकर्षक बना दिया। उन्होंने झिलमिलाते आईशैडो और न्यूड लिप्स के साथ अपने चेहरे को हाइलाइट किया। कृति के साथ तस्वीरों में उनकी बहन नुपुर सेनन भी नजर आईं, जिन्होंने लाल रंग का सूट पहना था। नुपुर ने अपने लुक को हेवी इयरिंग्स के साथ पूरा किया। कृति और कबीर की अफवाहें तब शुरू हुई थीं जब कृति ने यूपी टी20 सीजन 2 के लॉन्च इवेंट से अपनी परफॉर्मेंस का एक बीटीएस वीडियो साझा किया था, लेकिन कपल ने इन चर्चाओं पर अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। कृति के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्होंने हाल ही में लीगल थ्रिलर फिल्म दो पत्ती में डबल रोल निभाया है, जो ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई। इस फिल्म में उनके अलावा काजोल और शहीर शेख जैसे सितारे भी हैं।

## राधे भैया को फॉलो करना सही नहीं: सलमान खान



बालीवुड सुपर स्टार सलमान खान का कहना है कि उनका एक किरदार ऐसा है जिसे फॉलो करना सही नहीं है, और वह है 'तेरे नाम' का राधे भैया। सलमान ने बार-बार कहा है कि वे अपने प्रशंसकों को राधे के चरित्र का अनुकरण करने के लिए नहीं कहते। उनका मानना है कि राधे का जुनूनी और अराजक स्वभाव एक ऐसा व्यवहार है, जिसे प्रशंसकों को प्रेरणा के रूप में नहीं अपनाना चाहिए। हाल ही में वायरल हुए एक वीडियो में सलमान खान ने 'तेरे नाम' को लेकर अपने विचार फिर से साझा किए। उन्होंने कहा, "फिल्म में राधे का जीवन एक त्रासदी की तरह है, जो एक लड़की के लिए जुनूनी होकर अपने जीवन को बर्बाद कर देता है। यह व्यवहार ठीक नहीं है।सलमान ने साफ किया कि राधे के हेयर स्टाइल या कपड़े का स्टाइल अपनाना तो ठीक है, लेकिन उसका जुनून और गलत निर्णयों को फॉलो करना बिल्कुल सही नहीं है। जिंदगी में आगे बढ़ना ही महत्वपूर्ण है, न कि राधे की तरह अपने जीवन को अंधकार में झोंक देना। उन्होंने बताया कि उन्होंने 'तेरे नाम' में इस तरह का किरदार निभाने के बावजूद फिल्म के प्रचार के दौरान ही प्रशंसकों को यह सलाह दी थी कि वे इस किरदार को सिर्फ एक कहानी की तरह देखें और नायक का अंधा अनुसरण न करें। सलमान खान के करियर की बात करें, तो हाल ही में वह रोहित शेट्टी की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'सिंघम अगेन' में कैमियो करते नजर आए। इस फिल्म में अजय देवगन, करीना कपूर, अर्जुन कपूर, टाइगर श्रॉफ, अक्षय कुमार, रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण जैसे स्टार भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। सलमान का यह कैमियो उनके फैंस के लिए एक सरप्राइज की तरह आया है और फिल्म में उनकी एंट्री ने दर्शकों का उत्साह और बढ़ा दिया है। सलमान के इस बयान ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि, वे अपने अभिनय में विभिन्न प्रकार के किरदार निभाने को लेकर बेहद सजग रहते हैं, लेकिन उनकी प्राथमिकता हमेशा इस बात पर रहती है कि उनके फैंस उन्हें सही संदर्भ में समझें। बता दें कि सलमान खान ने फिल्म इंडस्ट्री में कई यादगार किरदार निभाए हैं, जिनमें से एक उनके प्रशंसकों के दिलों में हमेशा बसता है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोन: 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।